www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-256 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, बुधवार 9 जुलाई , 2025

**आज का विचार**

इंसान उम्र के हिसाब से समझदार नहीं होता, बल्कि जीवन में मिले हुए दुःख, दर्द और परिस्थितियों की वजह से समझदार होता है।



**संयुक्त मोर्चा का राष्ट्र व्यापी हड़ताल आज,बीएमएस सरकार के साथ**

**एजबेस्टन की हार पर एंडरसन की इंग्लैंड को नसीहत, कहा - आपको उसे खिलाना ही होगा**

# 'कई विधायक इस बात से सहमत हैं...', कर्नाटक में सीएम बदलने की चर्चा तेज, कांग्रेस एमएलए के बयान से मची हलचल



- कर्नाटक में सीएम बदलने की चचाओं ने पकड़ा जोर
- कांग्रेस विधायक सीपी योगेश्वर के बयान से मची हलचल
- दिल्ली में राहुल गांधी से मिलेंगे दोनों नेता

**कर्नाटक** । कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की चचाओं ने एक बार फिर से जोर पकड़ा है, जहां सीएम सिद्धारमैया की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। चर्चा इस बात की भी है कि सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार दिल्ली में राहुल गांधी से मिलने वाले हैं। इस बीच राज्य में कांग्रेस के विधायक सीपी योगेश्वर के बयान से हलचल मच गई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पार्टी के ज्यादातर विधायक और निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता चाहते हैं कि राज्य का सीएम डीके शिवकुमार को बनाया जाए।

मंगलवार को संवाददाताओं से बात करते हुए कांग्रेस विधायक ने कहा कि हां कई विधायक इस बात पर एकजुट हैं कि राज्य का सीएम डीके शिवकुमार को बनना चाहिए। हम इस राय पर विभाजित नहीं हैं। जिले के लोग और कई विधायक इस बात से सहमत हैं।

**मुझे मंत्री पद नहीं चाहिए- सीपी योगेश्वर**

इस दौरान उन्होंने एक अन्य कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन की बात को दोहराते हुए कहा कि १०० से ज्यादा विधायक शिवकुमार का समर्थन करेंगे। उन्होंने आगे कहा, 'हाईकमान को इस पर फैसला लेना होगा। मुझे मंत्री पद नहीं चाहिए। मैं सिर्फ चाहता हूं कि शिवकुमार सीएम बनें।' इस मामले में अब तक शिवकुमार की कोई टिप्पणी नहीं आई है।

**मुद्दे पर क्या बोले रणदीप सुरजेवाला?**

इस पूरे मामले पर अब कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला का बयान भी आया है। वह मंगलवार को बेंगलुरु पहुंचे। उन्होंने कहा कि केपीसीसी (कांग्रेस की कर्नाटक ईकाई) प्रमुख और मैंने इस बारे में बात की है। हर किसी की महत्वाकांक्षाएं और इच्छाएं हो सकती हैं। इससे अधिक कुछ नहीं कहना चाहता। इससे पहले मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि मुख्यमंत्री का फैसला सिर्फ हाईकमान ले सकता है।

## तुमको पटक-पटक के मारेंगे, निशिकांत दुबे 4 के बयान से बढ़ा विवाद, फडणवीस ने कहा- अपमान नहीं सहेंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के मराठी समुदाय को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर महाराष्ट्र की सियासत गर्मा गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए मंगलवार को सफाई दी कि दुबे का बयान मराठी समाज के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ संगठनों की ओर लक्षित था जिन्होंने इस मुद्दे को तूल दिया।

**निशिकांत दुबे का बयान पूरी तरह सही नहीं, बोलें फडणवीस**

फडणवीस ने गोड्डा के बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के बयान को पूरी तरह सही नहीं बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र का देश के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे कोई नकार नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान लोगों के मन में भ्रम पैदा करते हैं और इन्हें देने से बचना चाहिए।

**क्या है पूरा मामला?**

मामला तब गरमा गया जब एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने हाल ही में एक बयान में अपनी पार्टी कार्यकताओं से कहा था कि जो लोग मराठी में बात नहीं करना चाहते, उन्हें मारो लेकिन वीडियो मत बनाओ। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दुबे ने तीखे शब्दों का प्रयोग किया और कहा, 'तुम लोग हमारे पैसे से जी रहे हो। खदानें हमारे पास हैं, रिफाइनरियां गुजरात में हैं। अगर हिम्मत है तो हिंदी नहीं, उर्दू, तमिल, तेलुगु वालों को भी पीटो। तुमको पटक-पटक के मारेंगे।'

## पहला कॉलम

### हवा में 30 मिनट बाद इंडिगो फ्लाइट में आया 'झटका, इंदौर में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग, क्या थी वजह?

**इंदौर 08 जुलाई (ए)।** इंदौर से रायपुर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब उड़ान भरने के लगभग आधे घंटे बाद ही विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में तकनीकी गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद पायलट ने विमान को वापस इंदौर के देवी अहिल्या बाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6श्व 7295 ने अपने निर्धारित समय सुबह 6:35 बजे रायपुर के लिए टेक-ऑफ किया था। यात्रियों ने बताया कि उड़ान भरने के करीब 30 मिनट बाद ही उन्हें विमान में एक तेज झटका महसूस हुआ। इसके कुछ ही मिनटों बाद पायलट ने घोषणा की कि कुछ तकनीकी कारणों से विमान को वापस इंदौर ले जाया जा रहा है। विमान सुबह 7:15 बजे सफलतापूर्वक एयरपोर्ट पर लैंड हो गया।

## कुछ अलग

### बागेश्वर धाम आए श्रद्धालुओं के साथ हादसा, छतरपुर में ढाबे की छत गिरने से महिला की मौत, 10 घायल

**छतरपुर 08 जुलाई (ए)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर में मंगलवार को बागेश्वर धाम आए श्रद्धालुओं के साथ हादसा हो गया। धाम के पास स्थित जिस ढाबे पर श्रद्धालु रुके हुए थे, उसकी छत गिर गई। जिससे एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि 10 घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि सुबह तड़के करीब 3:30 पर तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से यह हादसा हुआ। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि बागेश्वर धाम के पास में स्थित एक ढाबे पर श्रद्धालु रुके हुए थे। इसी दौरान सुबह ढाबे की छत गिर गई। जिससे एक महिला श्रद्धालु की जान चली गई। जबकि 10 अन्य घायल हो गए।

## भारत बंद का ऐलान, 25 करोड़ कर्मचारी कल हड़ताल पर, बैंक-डाकघर में काम रहेगा बंद

**नई दिल्ली ,08 जुलाई (ए)।** 8 जुलाई को देशभर में ट्रेड यूनियनों ने भारत बंद का आह्वान किया है। बुधवार को देश भर में 25 करोड़ से ज्यादा श्रमिकों के देशव्यापी हड़ताल या भारत बंद में भाग लेने की उम्मीद है। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के गठबंधन द्वारा बुलाई गई हड़ताल का उद्देश्य केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों का विरोध करना है। हड़ताल से बैंकिंग, बीमा, डाक सेवाओं, कोयला खनन, परिवहन और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों सहित प्रमुख क्षेत्रों के बाधित होने की संभावना है। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा, बैंकिंग, डाक, कोयला खनन, कारखाने और राज्य परिवहन सेवाएं प्रभावित होंगी। देशभर में 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद में भाग ले रहे हैं, जो मजदूर विरोधी और किसान विरोधी मानी जाने वाली सरकारी नीतियों का विरोध कर रहे हैं। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि हड़ताल के चलते बैंकिंग, पोस्टल सर्विस, कोयला खनन, फैक्ट्रियां और स्टेट ट्रांसपोर्ट सर्विस पर असर पड़ेगा।

**सरकार की नीतियों पर सवाल**

भारत बंद कर रहे संगठनों ने पिछले साल श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17-सूत्रीय मांगों का एक चार्टर सौंपा था। इनका कहना है कि सरकार पिछले 10 वर्षों से वार्षिक श्रम सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रही है। यह मजदूरों-कर्मचारियों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। मजदूर संगठनों के मंच ने यह आरोप भी लगाया कि आर्थिक नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है, जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी में गिरावट आ रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी नागरिक सुविधाओं में सामाजिक क्षेत्र के खर्च में कटौती हो रही है।

## बिलासपुर में बड़ा हादसा : करंट की चपेट में आकर पिता-पुत्र की मौत, कुएं में मरे मेंढक को निकालने के दौरान हुआ हादसा

**बिलासपुर ,08 जुलाई (ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के उनी गांव से दर्दनाक हादसा सामने आया है. कुएं में मरे हुए मेंढक को बाहर निकालने उतरे पिता-पुत्र की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई. घटना सीपत थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार देर शाम पिता और बेटा कुएं में मरे मेंढक को निकालने उतरे थे. इसी दौरान समर्सिबल पंप के खुले तार से करंट फैल गया। पानी में करंट फैलने की वजह से पिता-पुत्र उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से गांव में मातम पसर गया है। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कुएं से बाहर निकाला फिर पंचानामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## चुनाव से पहले नीतीश का 'महिला-युवा कार्ड : बिहार की बेटियों को ही मिलेगा 35प्रतिशत आरक्षण, युवा आयोग को भी मंजूरी




**पटना ,08 जुलाई (ए)।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने महिला और युवा मतदाताओं को साधने के लिए दो बड़े फैसले लिए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह तय किया गया कि अब से सरकारी नौकरियों में महिलाओं को मिलने वाला 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सिर्फ बिहार की मूल निवासी महिलाओं को ही मिलेगा। इसके साथ ही, युवाओं को साधने के लिए 'बिहार युवा आयोगइ के गठन को भी मंजूरी दे दी गई है।

सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद, अब अन्य राज्यों की महिला अभ्यर्थी बिहार की सरकारी नौकरियों में 35त्न महिला आरक्षण का लाभ नहीं उठा सकेंगी। राज्य सरकार की सभी सेवाओं में सीधी नियुक्ति के पदों पर यह नियम लागू होगा। यह निर्णय लंबे समय से उठ रही उस मांग के बाद लिया गया है, जिसमें बाहरी राज्यों की महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिए जाने का विरोध किया जा रहा था। सरकार का मानना है कि इस कदम से राज्य की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लाभ लेने के लिए महिला अभ्यर्थियों को बिहार का मूल निवासी प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

इसके साथ ही कैबिनेट ने युवाओं के लिए 'बिहार युवा आयोगइ के गठन को भी हरी झंडी दे दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि यह आयोग युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देगा। साथ ही, युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए यह आयोग विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करेगा। राजनीतिक विश्लेषक इन दोनों फैसलों को चुनाव से पहले नीतीश सरकार का मास्टरस्ट्रोक मान रहे हैं, जिसका सीधा असर महिला और युवा वोट बैंक पर पड़ सकता है।

## देश को अब ईमानदार नेतृत्व की जरूरत : के.ए. पॉल

0 के.ए. पॉल ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी थियोफिलस मोंटी और अंतरराष्ट्रीय व्यवसायी च. वेंकटेश का प्रजा शांति पार्टी में किया स्वागत

0 आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त एसपी और अंतरराष्ट्रीय कारोबारी प्रजा शांति पार्टी में शामिल, डॉ. पॉल ने भाजपा की जातिगत नियुक्तियों पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली, 08 जुलाई (ए)।** प्रजा शांति पार्टी के अध्यक्ष और ग्लोबल पीस एंबेसडर डॉ. के.ए. पॉल ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित आंध्र भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) थियोफिलस मोंटी और अंतरराष्ट्रीय उद्यमी च. वेंकटेश के पार्टी में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। थियोफिलस मोंटी ने एक दिन पहले आंध्र प्रदेश पुलिस महानिदेशक से मुलाकात के बाद अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बताया कि प्रजा शांति पार्टी की समावेशी सोच और सेवा-भाव ने उन्हें राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। वहीं च. वेंकटेश, जो वैश्विक स्तर पर सरकारों को आर्थिक मामलों में सलाह दे चुके हैं, पार्टी की आर्थिक रणनीति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डॉ. पॉल ने आंध्र प्रदेश में भाजपा की हालिया नियुक्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना आंतरिक चुनाव के दो उच्च जाति के नेताओं को प्रमुख पद सौंपना पार्टी के 'पिछड़ा वर्ग समर्थकइ दावे के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के 240 से अधिक सांसदों में एक भी मुस्लिम या ईसाई प्रतिनिधित्व में नहीं है, जो उनकी समावेशिता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। डॉ. पॉल ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बदलते राजनीतिक समीकरणों की चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न दलों—जैसे जनसेना, भाजपा, कांग्रेस और बीआरएस—के कई नेता अपनी पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट हैं और अब प्रजा शांति पार्टी के संपर्क में हैं। उन्होंने बढ़ते राष्ट्रीय कर्ज और बेरोजगारी को देश की प्रमुख समस्याओं में गिनाते हुए मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की। डॉ. पॉल ने बताया कि प्रजा शांति पार्टी विकेन्द्रित औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन पर आधारित विकास योजना लेकर आ रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि अब तक दक्षिण भारत के 120 से अधिक वरिष्ठ नेता—जिनमें प्रसिद्ध जनगायक गद्दरन्ना, पूर्व मुख्य सचिव डनमय्या व डी. रोसैया और पूर्व भाजपा सांसद व कर्नाटक के डीजीपी एच.टी. शांगलिआना शामिल हैं, प्रजा शांति पार्टी से जुड़ चुके हैं। थियोफिलस मोंटी ने पार्टी में शामिल होने पर कहा कीश्मैं आज सिर्फ एक अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक देशसेवक के रूप में यहां आया हूं। हमारे देश की 60त्न आबादी युवा है, लेकिन बेरोजगारी हर जगह है। इस समय भारत को ईमानदार और निष्पक्ष नेतृत्व की जरूरत है, और मुझे विश्वास है कि डॉ. के.ए. पॉल और प्रजा शांति पार्टी इस दिशा में एकमात्र वास्तविक विकल्प हैं।प्रजा शांति पार्टी आगामी आम चुनावों में कई सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है और खुद को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों ही स्तर की असफल हो चुकी पार्टियों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

**दुकान किराए पर उपलब्ध**

स्थान: ब्रह्म रोड, शिवगोपी होटल के सामने, अंबिकापुर
फ्लोर: पहला मंजिल (First Floor)
क्षेत्रफल: 800 वर्ग फुट
पार्किंग की सुविधा उपलब्ध

संपर्क करें - मो. 7415805463

**जमीन बेचना है**

राजपुर रोड असोला में मिडिल स्कूल के सामने 41.5 डिसमिल जमीन प्रीकास्ट बाउन्ड्री किया हुआ तत्काल बेचना है।

सम्पर्क करें - राकेश अग्रवाल मो. 9977088562

## खरी-खरी




तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक सेंटर

माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल

बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर

सुयश हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ

अब आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध

डॉ. भुवन शर्मा

एम. डी., डी. एम. (न्यूरोलॉजी)



मस्तिष्क रोग एवं नस रोग की समस्याएँ

- लकवा पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
- दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
- पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरो का दर्द
- मांसपेशियों का खिंचाव, सूखना एवं कमजारी
- व्यवहार में परिवर्तन, शरीर में झनझनाहट होना
- नींद की समस्या, बेहोशी व चक्कर आना
- नसों की चोट, दर्द एवं नसों का चिपकना
- नसों और मांसपेशियों की बीमारी
- जन्म से ब्रेन एवं रीढ़ की हड्डी में दोष

13 जुलाई 2025 माह के दुसरे रविवार

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799
8718003300, 6262639090

**पहला कालम**

## स्कूल जाने तैयार हुआ छात्र घर से रहस्यमय ढंग से गायब



**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** स्कूल जाने की तैयारी कर रहा एक बालक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है। मासूम बच्चे के गायब होने से हड़कंप मच गया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि १५ वर्षीय सत्यदीप कुजूर पिता संदीप कुजूर एसईसीएल आवासीय डिपार्टमेंटल कालोनी क्वार्टर नंबर ४५६ में अपनी बुआ अल्का कुजूर के पास रहता था। सत्यदीप कुजूर जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में रहकर पढ़ाई करता था, जो यहां आया हुआ था।

सोमवार को जब उसकी बुआ अल्का कुजूर बच्चे को तैयार कर जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई पहुंचाने तैयार की, तभी सत्यदीप कुजूर रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है। देर शाम तक वापस घर नहीं लौटने पर परिजन द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। छात्र के अचानक गायब होने से हड़कंप मच गया है।

## भानुप्रतापपुर थाना परिसर के भीतर आरक्षक के लैपटॉप की हुई चोरी

**कांकेर**। जिले के थाना भानुप्रतापपुर परिसर के भीतर एक आरक्षक के टेबल से लैपटॉप की चोरी हो गया है, जिससे पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थाने में पदस्थ एक आरक्षक ने पूरे दिन का काम पूरा करने के बाद, अपने निजी लैपटॉप और प्रिंटर को रोज की तरह रात लगभग 9:30 बजे अपने टेबल के दराज में सुरक्षित रख दिया था। लेकिन जब वह अगली सुबह जब ड्यूटी पर पहुंचा, तो उसने देखा कि दराज का दरवाजा खुला हुआ है, और उसका लैपटॉप वहां से गायब था, हालांकि प्रिंटर वहीं रखा हुआ था।

# आईटीआई के छात्रों ने प्रिंसिपल पर लगाया अभद्रता का आरोप, कड़ी कार्यवाही करने की मांग

### प्रचार के गुंडागर्दी के गुंडागर्दी से त्रस्त आदिवासी छात्र-छात्राएं



**प्रतापपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** आईटीआई प्राचार्य के रवैया एवं गुंडागर्दी से आक्रोशित आदिवासी छात्र-छात्राएं प्रतापपुर अमनदोन में स्थित शासकीय आईटीआई कैंपस जहां विद्यार्थियों, को कोपा ,इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, का प्रशिक्षण दिया जाता है ज्ञात हो कि साल भर विद्यार्थी आईटीआई में खूब मेहनत की और सोचा कि भविष्य को एक नया आयाम देंगे लेकिन विवाद तब खड़ा हुआ जब प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों परीक्षा फॉर्म भरने से मना कर दिया गया,वजह उनको यह कहे की आप लोग रेगुलर प्रशिक्षण लेने क्लास में नहीं आए हो उपस्थिति भी ८०त्न से कम है जो परीक्षा में बैठने के लिए पर्याप्त नहीं है नहीं जिसको सुन छात्र-छात्राओं ने आईटीआई परिसर में प्रिंसिपल के सामने घंटों निवेदन किया लेकिन प्रिंसिपल ने नियमों का हवाला देकर परीक्षा विद्यार्थियों की फॉर्म भरने से साफ इनकार कर दिया जिसको देख मायूस होकर एक छात्र प्रिंसिपल से कहा हमारी साल भर की मेहनत है जो आप चंद मिनटो खतम कर रहे लेकिन आईटीआई के प्रिंसिपल आक्रोशित होकर छात्र को धक्के मार कर आईटीआई परिसर से बाहर निकाल दिया और कहां जाओ जहां जाना है चले जाओ जिसको बताना है बता दो मैं तुम लोगों को परीक्षा में नहीं बैठाऊंगा, तथा घंटे हुए विवाद और प्राचार्य के अत्याचार और अभद्र व्यवहार के वजह से छात्र-छात्राएं काफी दुखी हुए मौजूद छात्राओं ने चुपके से वीडियो बना ली और फेसबुक सोशल मीडिया में वायरल कर दिए जिस पर देखा जा रहा है की एक जिम्मेदार प्रिंसिपल अपने विद्यार्थी को किस तरह धक्के दे रहा जो चर्चा का विषय है। और लोग जमकर तीखा प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वीडियो देख लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा इस तरह से व्यवहार अनुचित है ऐसे में उच्च अधिकारियों की और इस तरह का दुर्व्यवहार करना सवाल खड़े हो रहे। जो हमेशा विवादों के दायरे में प्रतापपुर आईटीआई रहा है। आईटीआई पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में बजाय की इस तरह का दुर्व्यवहार आईटीआई प्रबंधक के द्वारा कोई नया नहीं है इससे पूर्व में भी कई तरह का गंभीर आरोपों पर लग चुका है तथा उनके कार्य शैली पर सवाल खड़े होते रहे हैं

### आईटीआई के छात्र एवं छात्राओं ने शासन प्रशासन से की मांग

विद्यार्थियों ने कहा कुछ घरेलू परेशानी व स्वास्थ्य समस्या के कारण नियमित प्रशिक्षण केंद्र में नहीं पहुंच सके लेकिन हम लोगों को उपस्थिती इतनी थी कि परीक्षा सेंटर में बैठ सकते थे लेकिन प्रिंसिपल ने बदले की द्वेष हम लोगों कि भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैंहम सभी कोपा के विद्यार्थी है देवेंद्र कुमार,आदित्य कुमार, हरकेश सेलेंद्र, सिंह,राजीव,सुरेश,राजू सिंह, मनीषा धुर्वे,साक्षी, दिव्या यादव, रितु नायक,अंजलि सिंह,सुषमा,सुरेखा, सरस्वती,नीलम, आशी यादव,मनीषा चौहान, अगर हम लोगों को परीक्षा देने से वंचित करेंगे तो हम लोगों का जीवन अंधकारमय हो जाएगा जिससे हमारा पूरे साल का मेहनत और समय व्यर्थ चला जाएगा हम लोग शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि हमारी बातों को गंभीरता से लेते हुए परीक्षा में बैठने के इजाजत दी जाए क्योंकि अब परीक्षा फॉर्म भरने की समय ११ तारीख तक सीमित और आखिरी है अगर हम लोगों को एग्जाम देने से वंचित किया जाता है तो बाध्य होकर हम आंदोलन एवं चक्का जाम करेंगे जिसके जिम्मेदार आईटीआई अमनदोन के प्रिंसिपल होंगे।

### कराई जाएगी जांच -एसडीएम

इस विषय में एसडीएम ललिता भगत ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दुर्व्यवहार करने वाले प्रचार के खिलाफ कार्यवाही करने की अनुशंसा की जाएगी

## जर्जर सड़क और अव्यवस्थित चौपाटी को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** नगर के राधा कृष्ण मंदिर के समीप की गली, जो वर्ष १९९०-९१ में बनाई गई थी, अब अपने अस्तित्व के सबसे बदहाल दौर से गुजर रही है। लगभग तीन दशक से अधिक समय बीतने के बावजूद इस सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सीमेंट की परतें और जलनिकासी की कमी के कारण यह गली आज लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। बरसात के दिनों में यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। इस मुद्दे को लेकर नगर के जागरूक सामाजिक कार्यकताओं ने मोर्चा संभालते हुए शिवंदनपुर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष दनोदिया ने कहा कि यह गली नगर के मध्य क्षेत्र में स्थित है और मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं की आवाजाही भी बनी रहती है। बावजूद इसके वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत की ओर न कोई ठोस पहल हुई और न ही जनप्रतिनिधियों ने इसे प्राथमिकता दी। उन्होंने बताया कि सिर्फ सड़क ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित होने वाली स्थानीय चौपाटी की भी स्थिति चिंताजनक है। असंगठित और अव्यवस्थित रूप में संचालित यह चौपाटी न केवल सौंदर्यहीन दिखती है, बल्कि यहां व्यापार कर रहे छोटे दुकानदारों को भी कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। चौपाटी को एक सुनियोजित और व्यवस्थित व्यवसाय स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। जिसमें उचित लाइटिंग सिस्टम, पेयजल की व्यवस्था, क्रांकिट फर्श का निर्माण तथा व्यवस्थित शेड और बैठने की व्यवस्था शामिल है। हर्ष दनोदिया ने बताया कि यह पहल न सिर्फ छोटे व्यापारियों को राहत देगी, बल्कि नगर में रोजगार और सुविधाओं की दिशा में एक सकारात्मक संदेश भी देगी। इस मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने नपं शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुंदन विश्वकर्मा, क्षितिज सिंह चंदेल, आकाश सिंह, कुणाल यादव और आदित्य विश्वकर्मा व अन्य शामिल रहे। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि इन बुनियादी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो नागरिकों में आक्रोश उत्पन्न हो सकता है और प्रदर्शन की भी स्थिति बन सकती है। प्रतिनिधिमंडल ने नगर के समग्र विकास में इन मुद्दों को प्राथमिकता देने की अपील की।ज्ञापन सौंपने के बाद उम्मीद की जा रही है कि नपं प्रबंधन जल्द ही आवश्यक सर्वे कर कार्य योजना बनाएगी।

## कुत्तों का आतंक जारी...2 वर्ष के मासूम सहित 8 से अधिक लोगों को कुत्ते ने काटा... कब जागेगा विभाग



**रामानुजगंज (अम्बिकावाणी समाचार)।** कुत्तों के आतंक से आज फिर पूरा रामानुजनगंज दहल गया २ वर्ष के मासूम सहित ८ से अधिक लोगों को कुत्ता ने काटा। सबसे खतरनाक तरीके से कुत्ता दो वर्षीय मासूम के गर्दन में काट दिया जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई सभी घायल को १०० बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गया जहां सभी का प्राथमिक इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से लगातार रामानुजगंज में कुत्तों का आतंक बढ़ते जा रहा है। आज तो कुत्ता के आतंक से सभी लोग सहम गए। १२ बटालियन मुख्यालय में कुत्ता घुसकर बटालियन परिवार के २ वर्षीय मासूम अनीशा शांडिल्य पिता जयप्रकाश के गर्दन में काटा। वही आयुष पिता रामप्रताप उम्र ५ वर्ष,आकाश निराला पिता नरेश निराला उम्र ३० वर्ष को भी काट कर घायल कर दिया। सागर गैस एजेंसी में कार्य करने वाले सूरज अग्रवाल पानी पीने जा रहे थे इसी दौरान कुत्ता के द्वारा काट लिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक १३ के विजय रवि उम्र ५० वर्ष को भी कुत्ता ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वार्ड क्रमांक १३ के ही संतोष ठाकुर की ९ वर्षीय बच्ची हिमांशी ठाकुर को कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया। शंकरगढ़ से जिला न्यायालय में पेशी में आए ग्रामीण को भी कुत्ता ने काटकर घायल कर दिया वह स्कूल से जा रहे बच्चे को बाह में बुरी तरीका से कटकर घायल कर दिया। सभी घायलों को इलाज १०० बिस्तर अस्पताल में चल रहा है।

**कुत्ता काटने से सबसे अधिक शिकार हो रहे हैं बच्चे रहे सावधान**

कुत्ता काटने से सबसे अधिक घायल छोटे बच्चे हो रहे हैं आज आधा दर्जन से अधिक लोगों को कुत्ता ने काटा जिसमें चार बच्चे शामिल है जितने भी बच्चे को कुत्ता के द्वारा काटा गया बहुत ही खतरनाक तरीके से काटा गया है।

**समाधान के लिए करता हूं निर्देशित- कलेक्टर**

इस संबंध में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि इसके उचित समाधान के लिए नगर पालिका को उचित कदम उठाने के निर्देश देता हूं।

## जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला संपन्न



**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं नेशनल रिसोर्स पर्सन श्री गगन बी भुइया की उपस्थिति में एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एनआरएलएम के राज्य प्रतिनिधि, जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे। कार्यशाला में स्व-सहायता समूहों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने, बैंक लिंकेज को सुदृढ़ करने तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गाइडलाइन के संबंध में बताया गया। साथ ही बैंक लिंकेज प्रक्रिया, बैंक लिंकेज के राशि का नियमानुसार वापसी के लिए सीबीआरएम के क्रियान्वयन के लिए बताया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से वित्तिय साक्षरता एवं बी सी सखी के संबंध में चर्चा किया गया।

## जीई फाउंडेशन ने रावघाट के बच्चों को दिए उपहार, मन मोह लिया खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने

**भिलाई**। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय गैर सरकारी संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने आदिवासी अंचल स्थित रावघाट के ग्रामीणों के बीच 5 जुलाई को वहां आयोजित कार्यक्रम में जरूरत का सामान वितरित किया। इस दौरान विविध सांस्कृतिक व खेलकूद से जुड़ी गतिविधियां भी कराई गई।

भिलाई स्टील प्लांट की लौह अयस्क खदान रावघाट के लिए रेल लाइन बिछाने के कार्य की सुरक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 28वीं वाहिनी की निगरानी में जीई फाउंडेशन ने यहां के कोसरांडा, रावघाट एवं बैहासाल्हेभाठ गांव के विभिन्न विद्यालयों–राजकीय उच्च प्राथमिक शाला कोसरोंडा, प्राथमिक शाला रेखाभाट, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमापाल तथा प्राथमिक शाला सतीघाट में अध्ययनरत 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, लेखन सामग्री एवं हाथ घडि?ाँ वितरित की।जीई फाउंडेशन का यह आयोजन सिर्फ जरूरत के सामान के वितरण तक सीमित नहीं रहा,बल्कि इन ग्रामीण बच्चों के आत्मविश्वास को और मजबूत करने, उनकी खेल भावना और सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने मंच भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण छात्राओं ने शानदार वॉलीबॉल मैच में भाग लिया तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने समस्त दर्शकों का मन मोह लिया। जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने इस मौके पर कहा कि इस प्रेरणादायी पहल ने न सिर्फ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि शिक्षा, खेल और संस्कृति के संगम से ही एक समृद्ध और आत्मनिर्भर समाज की नींव रखी जा सकती है।

## संयुक्त मोर्चा का राष्ट्र व्यापी हड़ताल आज,बीएमएस सरकार के साथ

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे श्रम सुधार कानूनों के खिलाफ संयुक्त मोर्चा द्वारा आज नौ जुलाई को बुलाए गए एक दिवसीय राष्ट्र व्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।बिश्रामपुर क्षेत्र में पूर्व की तरह हड़ताल को सफल बनाने श्रम संगठनों में किसी भी प्रकार का उत्साह नजर नहीं आ रहा है।चार श्रम संगठनों एटक,एचएमएस,इंटक सीटू द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया जा रहा है जबकि क्षेत्र की सबसे अधिक सदस्यों वाली बीएमएस ने हड़ताल से अपने को दूर रखा है।इसलिए भी हड़ताल प्रभावी होगी इसकी गुंजाइश कम है।पूर्व में हड़ताल से पहले सभी यूनियनों के द्वारा लगातार बैठक कर श्रमिकों को हड़ताल को सफल बनाने की अपील की जाती थी साथ ही हड़ताल किसलिए किन वजहों किया जाना है ये भी बताया जाता था लेकिन इस बार खुद हड़ताल में शामिल चार यूनियनों के मुख्य पदाधिकारियों की चुप्पी श्रमिकों को परेशान कर रही है।

श्रमिक भी हड़ताल में शामिल हो या न हो इसको लेकर दुविधा में हैं।एक यूनियन के पदाधिकारी से जब बिश्रामपुर क्षेत्र में हड़ताल को सफल बनाने इस बार कोई विशेष प्रयास नहीं किए जाने प्रमुख पदाधिकारियों की चुप्पी पर जब सवाल किया गया तो उनका कहना था कि हमारी यूनियन ने कर्मचारियों को बता दिया है कि हड़ताल क्यों किया जा रहा है और आगे क्या परेशानी आ सकती है इसके बाद अब कर्मचारियों को तय करना है कि उन्हें हड़ताल में शामिल होना है अथवा नही।दूसरी ओर कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रशाद व एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने संयुक्त मोर्चा की हड़ताल से कर्मियों को दूर रहने समझाइश दी है और कहा है कि बारिश के कारण खदानों में कोयला उत्पादन मार खाया है इसलिए हड़ताल से कोयला उद्योग सहित राष्ट्र को नुकसान होगा।सीएमडी ने कहा कि कोयला उद्योग को इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट १९४७ की धारा २(एन)के उपखंड ६ के तहत जन उपयोगी सेवा घोषित किया गया है ऐसे में हड़ताल करने वाले कर्मियों पर काम नहीं तो भुगतान नहीं का सिध्दांत नो वर्क नो पे लागू होगा साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही भी हो सकती है।

**जीएम ऑफिस में कंट्रोल रूम स्थापित**

बुधवार को एकदिवसीय हड़ताल को देखते हुए क्षेत्रीय प्रबंधन ने महाप्रबंधक कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है ,इसके अतिरिक्त यूनिट स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं जहां से हड़ताल की मॉनिटरिंग की जाएगी।यूनिट स्तर पर बने कंट्रोल रूम एरिया कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करेंगे वही महाप्रबंधक कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम मुख्यालय को हड़ताल का पल पल का ब्यौरा देंगे।बिश्रामपुर क्षेत्र में कुमदा सहक्षेत्र की दोनों खदान अभी बंद पड़ी हैं।अमेरा खदान पानी में डूबा है।आरजीके की रेहर और केतकी खदान वैसे भी कम कोयला उत्पादन कर रही हैं।गायत्री खदान और आमगांव खदान में ठेकेदार के द्वारा कोयला उत्पादन किया जाता है।बिश्रामपुर क्षेत्र में संयुक्त मोर्चा के हड़ताल का कोई खास असर होगा इसकी संभावना काफी कम है,क्योंकि यहां पहले से ही उत्पादन कम हो रहा है।

## अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन सरगुजा की जनभावना और विकास का मार्ग

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन सरगुजा की जनभावना और विकास का मार्ग है। सर्वेक्षण उपरांत इसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेलवे बोर्ड में जमा कर दिया गया है। सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति की पुरजोर कोशिश होगी कि इस वर्ष के बजट में इसे शामिल कर इसका निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाए।

अंबिकापुर सर्किट हाउस में सरगुजा रेल संघर्ष समिति द्वारा आयोजित पत्र वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज तिवारी ने उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज और वाराणसी इस देश के शैक्षणिक हब हैं, इस रेल मार्ग से वहां के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। एशिया का सबसे बड़ा अल्मुनियम प्लांट रेणुकूट में है साथ ही सिंगरौली बैंढ़न इत्यादि पावर हब है आपस में कनेक्ट होने से शिक्षा रोजगार पर्यटन के ज्यादा अवसर मिलेंगे। सरगुजा के स्थानीय उत्पाद, हस्तकला, शिल्प कला के लिए बनारस एक बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। स्वास्थ्य सुविधा के लिए बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और पीजीआई लखनऊ से संपर्क उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए निश्चित रूप से लाभदायक होगा।

वित्तीय प्रबंधन के विशेषज्ञ प्रभुनारायण वर्मा ने कहा कि अंबिकापुर का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से अंबिकापुर रेणुकूट रेल मार्ग के माध्यम से कम दूरी और समय में सीधे जुड़ना बहुत लाभकारी होगा, व्यापारियों और उपभोक्ताओं की दृष्टि से भी उत्तर भारत के प्रमुख शहरों से जुड़ना बहुत महत्वपूर्ण है। पूरी को




प्रयागराज से जोड़ने की दृष्टि से भी यह रेल मार्ग बहुत उपयोगी है जिसे हम सब ने कुंभ आयोजन के दौरान नजदीक से देखा है। हिंदू धर्म के संस्कारों में वाराणसी और प्रयागराज का स्थापित महत्व है, जो निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। जन सुविधा परिवहन और व्यापार सभी के लिए सर्वाधिक उपयुक्त अंबिकापुर रेणुकूट रेल मार्ग रहेगा।

रेल संघर्ष समिति के मुकेश तिवारी ने कहा कि सारे मानकों और मापदंडों पर रेणुकूट रेल लाइन अधिक व्यावहारिक, अधिक उपयोगी और कम खचीर्ला है। लगभग १५००० लोग प्रतिदिन अंबिकापुर रेणुकूट सड़क मार्ग से आवागमन करते हैं। प्रस्तावित मार्ग में ७२०० मिलियन टन कोयले का ३२ ब्लॉक है। बॉक्साइट, यूरिया, अनाज, व्यावसायिक फसल के लिए भी यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है।

परियोजना क्षेत्र में सड़क का बहुत अच्छा नेटवर्क है। पूरे मार्ग में केवल धरमपुर, अमरपहार, रनहत,मानपुर और डूबा में लगभग १४ किलोमीटर फॉरेस्ट क्षेत्र आता है। इस रेल मार्ग का रेट ऑफ रिटर्न सर्वाधिक है,सर्वथा सुरक्षित है। लाभान्वित चार प्रदेश के सांसदों का समर्थन, छत्तीसगढ़ विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित होना,नगर निगम, नगर पंचायत,ग्राम पंचायत स्तर पर संगठित जन समर्थन इस रेल मार्ग के जल्द मंजूरी मिलने की दिशा में एक मजबूत संकेत बनकर उभरा है। अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन,देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ने पर उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए वरदान और जीवन रेखा साबित होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मिश्रा, शिवेश सिंह,जितेंद्र सिंह, अजय शुक्ला बाबा उपस्थित रहे।

## छोटी खबरें

### DSPM प्लांट में दिखा अजगर का बच्चा, कर्मचारियों में मची अफरा-तफरी, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया
#### नोवा नेचर टीम की सतर्कता से सुरक्षित तरीके से हुआ रेस्क्यू



**कोरबा अम्बिकावाणी** - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थर्मल पावर स्टेशन के सिविल ऑफिस के मुख्य द्वार पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां एक अजगर का बच्चा दिखाई दिया। रोजाना की तरह कर्मचारी जब कार्यालय में प्रवेश कर रहे थे, तभी एक कर्मचारी की नजर मुख्य गेट के पास बैठे सांप पर पड़ी। पहले तो उसे करैत जैसा जहरीला सांप समझा गया, जिससे भय का माहौल बन गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए तत्काल नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के जितेंद्र सारथी को सूचना दी गई। कुछ ही देर में रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक अजगर के बच्चे को पकड़ा। रेस्क्यू के दौरान अजगर का बच्चा खुद को छुड़ाने और काटने का प्रयास करता रहा, लेकिन अनुभव और धैर्य के साथ उसे सुरक्षित बैग में बंद कर जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सारथी ने बताया कि अजगर जहरीला नहीं होता है और ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय वन्यजीव विशेषज्ञों को सूचना देना सबसे बेहतर तरीका होता है। नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी लगातार कोरबा और आसपास के क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण एवं रेस्क्यू कार्य में सक्रिय है। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव की मौजूदगी पर तुरंत टीम को सूचित करें। रेस्क्यू हेल्पलाइन- ८८१७५३४४५५, ७९९९६२२१५१

# प्रशासन की अनदेखी पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा: डोकारीखार में रेलवे ब्रिज के पास श्रमदान कर कीचड़ हटाया
## जिम्मेदारों की चुप्पी के बीच ग्रामीणों ने उठाया खुद सफाई और सुरक्षा का बीड़ा

**कोरबा अम्बिकावाणी** – कटघोरा जनपद की ग्राम पंचायत राल अंतर्गत डोकारीखार गांव में ग्रामीणों का सब्र अब जवाब दे गया है। रेलवे ब्रिज क्रमांक-३६ के पास लगातार हो रहे कीचड़ और मिट्टी के बहाव से परेशान ग्रामीणों ने अब प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की अनदेखी के खिलाफ खुद मोर्चा खोल दिया है। कई बार शिकायतों और गुहार के बाद भी जब समस्या जस की तस बनी रही, तब ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान करने का निर्णय लिया। गांव के दर्जनों पुरुषों और युवाओं ने अपने संसाधनों से कीचड़ हटाने का काम शुरू किया और बहते पानी की दिशा मोड़ने के लिए रेलवे लाइन में लगे सीमेंट स्लैब को भी सावधानीपूर्वक उठाया।





ग्रामीणों का कहना है कि अब वे किसी आश्वासन या दौरे के इंतजार में नहीं रहेंगे। गांव और ब्रिज को सुरक्षित रखने के लिए अब वे स्वयं जिम्मेदारी उठाने तैयार हैं। यह प्रयास ग्रामीणों की एकजुटता, चेतना और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है। उन्होंने सरपंच, उपसरपंच और पंचों से भी श्रमदान में सहयोग की अपील की है, ताकि स्थायी समाधान निकाला जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में ब्रिज के नीचे कीचड़ भरने और मिट्टी खिसकने से न सिर्फ आवाजाही बाधित होती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। यह सामूहिक पहल न केवल प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रति रोष का संकेत है, बल्कि ग्रामीणों की सजगता और स्वाभिमान का भी एक उदाहरण बन चुकी है।

## पटना में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारी की बैठक संपन्न




**बैकुण्ठपुर।** संगठन एवं नवनिर्वाचित परिषद् के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी मंडल पटना के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं संगठन पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक जिला अध्यक्ष सम्माननीय श्री देवेंद्र तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता जी, जिला उपाध्यक्ष श्री अनिल साहू जी, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता जी, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल जी, मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, जी के गरिमामय उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। सबसे पहले अतिथियों के द्वारा भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया. मुख्य अतिथि देवेंद्र तिवारी जी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी निरंतर जनता की समस्याओं को सुने एवं उनके समस्याओं को हल करने में अपना योगदान दे, एवं संगठन के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर क्षेत्र के हित के लिए कार्य करें। हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत बनाना है एवं हमारी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करना है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके कोई भी हमारी सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता एवं कपिल जायसवाल ने संगठन गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला. पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सामंजस्यपूर्ण कार्य हेतु अपना सुझाव दिया.नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का बैठक एक महत्वपूर्ण बैठक है, इस तरह की बैठक निरंतर कम से कम माह में एक बार जरूर करेंगे, उक्त बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, मंडल महामंत्री सच्चिदानंद द्विवेदी, मीरा सोनी, पार्षद अहिबरन सिंह, राकेश गुप्ता, रमेश पोया, गणेश यादव, सुनील सिंह, पार्षद राजेश सोनी, पार्षद ज्योति देवांगन, पार्षद रेखा वर्मा, वर्षा साहू, ममता कुशवाहा चंद्रकली राजवाड़े, रितेश सिंह, भंवरलाल कुर्रे, संतलाल साहू, सुधीर वर्मा, संतोष सिंह, राजकुमारी व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## कोटवारी भूमि नामांतरण पर न्यायालय सख्त, दो मामलों में एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी

**कोरबा अम्बिकावाणी** - कटघोरा तहसील के ग्राम छुरीकला और डुड़गा में पूर्व कोटवारी भूमि के अनुचित विक्रय और नामांतरण के दो मामलों में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) न्यायालय द्वारा पुनर्विलोकन की प्रक्रिया जारी है। संबंधित पक्षकारों को कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद उनकी अनुपस्थिति के कारण अब सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आगामी सुनवाई की तिथि घोषित की गई है। पहले प्रकरण में तिलकदास पिता मोहन दास को १० जुलाई को, और दूसरे प्रकरण में हेमंत कुमार उर्फ छोटू त्रिपाठी को १८ जुलाई को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि बिना कलेक्टर की अनुमति के कोटवारी भूमि का विक्रय अमान्य माना जाएगा।

## बालको में जलभराव से प्रभावित लोगों से मिले पूर्व मंत्री, प्रबंधन व प्रशासन पर जताई नाराजगी, समस्याओं की अनदेखी पर चेताया, घेराव की दी चेतावनी

**कोरबा अम्बिकावाणी**- बालको क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद जलभराव की स्थिति से जूझ रहे रहवासियों से मंगलवार शाम ३ बजे पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुलाकात की। उन्होंने शांति नगर, रिंग रोड, ढेंगुरनाला, बीहीबाड़ी और कुलिंग टावर क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बरसात की पहली बारिश में ही पूरा मोहल्ला जलमग्न हो गया। गंदे नालों का पानी घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे



सैकड़ों परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। लोगों का राशन, फर्नीचर और अन्य जरूरी सामान पानी में खराब हो गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि उन्हें बालको क्षेत्र की स्थिति की जानकारी नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू के माध्यम से मिली थी। रायपुर से लौटते ही वे खुद मौके पर पहुंचे और हालात देखे। महिलाओं ने बताया कि घरों में ३ से ५ फीट तक पानी भर गया था, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पूर्व मंत्री ने कहा कि नगर पालिका की यह जिम्मेदारी थी कि बारिश से पहले नालों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करती, लेकिन सबसे बड़ी लापरवाही बालको प्रबंधन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां पहले नाला बहता था, वहां कुलिंग टावर बना दिया गया और अब प्लांट विस्तार के तहत कैम्प बना दिए गए हैं, लेकिन पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बालको क्षेत्र के लोगों को न तो पर्याप्त रोजगार मिला और न ही मूलभूत सुविधाएं। बालको को अपने आसपास के गांवों को गोद लेना चाहिए था, लेकिन यहां तो लगता है जिला प्रशासन ने ही बालको को गोद ले लिया है। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर कौन-सा दबाव है जो कार्रवाई नहीं की जा रही। पूर्व मंत्री ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बालको प्रबंधन, नगर निगम और जिला प्रशासन समस्या का हल नहीं निकालते हैं, तो आने वाले समय में बालको प्लांट और जिला कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, कृपाराम साहू, सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, मुकेश राठौर, नारायण कुर्रे, डॉ. रामगोपाल कुर्रे, बुद्धेश्वर चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गौवंश की सुरक्षा व सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यातायात पुलिस ने तेज किया रेडियम पट्टी लगाने का अभियान
### चिन्हित स्थलों की जानकारी विभाग को भेजकर मवेशियों के पुनर्वास की प्रक्रिया जारी



**बिलासपुर अम्बिकावाणी** - शहर की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों की वजह से आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व गौवंश की सुरक्षा को लेकर बिलासपुर यातायात पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए उनके शरीर पर नियमित रूप से रेडियम पट्टियां लगाई जा रही हैं ताकि रात के समय वाहन चालकों को दूर से ही उनकी उपस्थिति का आभास हो सके। यातायात पुलिस द्वारा शहर के उन स्थानों को भी चिन्हांकित किया जा रहा है, जहां मवेशियों की आवाजाही सबसे अधिक देखी जा रही है। ऐसे स्थानों की जानकारी संबंधित विभागों को भेजी जा रही है, जिससे इन मवेशियों के पुनर्वास एवं सुरक्षित प्रतिस्थापन की कार्रवाई की जा सके। पुलिस का कहना है कि यह प्रयास सिर्फ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ही नहीं, बल्कि गौवंश की जान की रक्षा करने के उद्देश्य से भी किया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने से बचें, ताकि शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात सुनिश्चित किया जा सके।

## सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु आवेदन 06 अगस्त आमंत्रित

**कोरबा अम्बिकावाणी** - छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला-रायपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से जिला-कोरबा के पात्र अभ्यर्थियों को निः शुल्क आवासीय प्रशिक्षण, भोजन एवं शिक्षण उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसकी अंतिम तिथि ०६ अगस्त २०२५, समय-सांय ३.३० बजे तक है। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के नाम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा आई.टी.आई. रामपुर, कलेक्टोरेट परिसर बिल्डिंग- प्रथम तल कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन कोड ४९५६७७ में जमा किया जायेगा। आवेदक को कोरबा जिला का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक या आवेदक के माता-पिता/अभिभावक की समस्त स्त्रोतो से आय ५.०० लाख है। आवेदक को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /कॉलेज से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण किया होना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन के माध्यम से चयनित संस्था द्वारा जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी के निदेर्शानुसार ही किया जायेगा। कुल १०० सीट निर्धारित है। जिसमें कोरबा जिला के रोस्टर अनुसार चयन किया जायेगा। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से संपर्क एवं जिला-कोरबा के वेबसाइट से डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/........../अ-20(3)/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विनोद कुमार सोनी पिता स्व० जय दयाल सोनी जाति सोनार आयु 61 वर्ष निवासी सदर रोड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 8 स्थित भूखण्ड कमांक 2708/4, 2708/3 रकबा क्रमशः 712.5 वर्गफीट, 104.6 वर्गफीट भूमि को अनावेदक/क्रेता विरेन्द्र सोनी आ० गुलाब चंद सोनी आयु लगभग 65 वर्ष निवासी मस्जिद पारा वार्ड नम्बर-8 प्रतापपुर जिला-सूरजपुर छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/........../अ-20(3)/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कविता सोनी पत्नी विनोद कुमार सोनी जाति सोनार आयु 55 वर्ष निवासी सदर रोड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 8 स्थित भूखण्ड क्रमांक 2708/2, रकबा 0.001,1/2 हे० अर्थात 7×23 = 161 वर्गफीट भूमि को अनावेदक/क्रेता विरेन्द्र सोनी आ० गुलाब चंद सोनी आयु लगभग 65 वर्ष निवासी मस्जिद पारा वार्ड नम्बर- 8 प्रतापपुर जिला-सूरजपुर छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/........../अ-20(3)/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती लीलावती गुप्ता पति कपिलदेव गुप्ता जाति केशरवानी निवासी मायापुर नगर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला मायापुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 6 स्थित भूखण्ड क्रमांक 2194/2, 2196/2, 2199/2 रकबा क्रमशः 0.06,1/2, 0.04, 0.01,1/2 एकड़ भूमि को रुपये- 22,00,000.00 में अनावेदिका/ क्रेता मोनिका केसरी पति सोनू गुप्ता जाति केशरवानी निवासी ग्राम केवरा तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम फिजा सिद्दिकी (FIZA SIDDIQUE) पिता श्री मो० इशाक (MD ISHAQUE) अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम फिजा सिद्दिकी (FIZA SIDDIQUI) पिता श्री मो० इशाक (MD ISHAQUE), निवासी मोमीनपुरा अम्बिकापुर, सरगुजा छ0ग0 497001 रख ली हूं।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशाकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम फिजा सिद्दिकी (FIZA SIDDIQUI) पिता श्री मो० इशाक से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथकर्ता
फिजा सिद्दिकी (FIZA SIDDIQUI)
मोमीनपुरा अम्बिकापुर
सरगुजा छ0ग0 497001

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

क्रमांक/ 880/वाचक-1/व्यपवर्तन/2025
पत्थलगांव, दिनांक-02/07/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका मु. एमलेन बेवा दवेल मिंज जाति उरांव निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव स्थित भूमि खसरा नं0 197/1/ख/2 रकबा 0.077 हे0 में से 0.040 हे0 405.20 वर्ग मी. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 23.07.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक होना नियत किया गया है।

अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**//ईश्तहार//**

रा०प्र०क्र० /ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लालचंद दास आ० सुखलाल, निवासी ग्राम रजपुरीखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा०) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम रजपुरीखुर्द में खसरा नंबर 298, 387/38, 444/2, 444/45, 444/46, 651/50 कुल खसरा 06 कुल रकबा 1.092 हे० स्थित है, जो आवेदक को विरासतन हक से प्राप्त हुई है। किन्तु उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख ऑनलाईन बी-1 में त्रुटिवश शासकीय पट्टेदार (कृषि) अंकित हो गया है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेखों में त्रुटिपूर्वक अंकित शासकीय पट्टेदार (कृषि) को सुधार करते हुए भूमि स्वामी दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/07/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/........../अ-20(3)/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बाबूलाल सोनी पिता स्व० राधेश्याम सोनी जाति सोनार आयु 70 वर्ष निवासी बरेजपारा अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला बरेजपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 8 स्थित भूखण्ड क्रमांक 262/113क, 2602/113 ख रकबा क्रमशः 8775, 1778 वर्गफीट भूमि में से रकबा 0.04 एकड़ भूमि को अनावेदक/क्रेता राकेश कुमार सोनी आ० रामजी राम सोनी आयु लगभग 53 वर्ष जाति सोनार निवासी वार्ड क्रमांक-4 हाउस नम्बर 78/1 करमीटिकरा पारा प्रेमनगर जिला सूरजपुर छ०ग०, कमलेश सोनी पिता विरेन्द्र सोनी आयु 32 वर्ष जाति सोनार निवासी मस्जिद पारा वार्ड क्रमांक 8 प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/.............../अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण सुरज सोनी, तुषार सोनी, एकता सोनी आ.स्व. पतरंग सोनी, दुर्गा सोनी पत्नि स्व. पतरंग सोनी, सभी जाति-सोनार, सभी निवासी अग्रसेन वार्ड, अम्बिकापुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि नगर अम्बिकापुर मोहल्ला-अग्रसेन वार्ड, स्थित नजूल प्लॉट नं. 2741/4 रकबा 0.03½ एकड़ भूमि आवेदकगण के पिता एवं रतनी बाई बेवा रामानंद सोनी के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। सह खातेदार पतरंग सोनी की मृत्यु दिनांक 23.03.2020 एवं रतनी बाई की मृत्यु दिनांक 15.01.2025 को हो गई है। अतः सह खातेदार पतरंग सोनी की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से पतरंग सोनी का नाम विलोपित कर फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में मृत्तक के वारिसानों का नाम दर्ज कराने एवं रतनी देवी का नाम विलोपित कराने हेतु मृत्तक भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-23/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/06/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**-::ईश्तहार::-**

रा०प्र०क्र० /ब-121/2024-25
ग्राम - भदार तहसील राजपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरूषोत्तम आ० टेम्पा जाति उरांव निवासी ग्राम भदार थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने दादा जी स्व० जंगू की मृत्यु ग्राम भदार में दिनांक 14.11.2009 को हुआ है। किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानतावश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 12/07/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यापालिक दण्डाधिकारी
राजपुर-जिला-बलरामपुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./1242/ब-121/2024
सूरजपुर 18/06/2025

**ईश्तहार**

आवेदक का नाम राजेश कुजूर आ. खुरसाय जाति उरांव निवासी ग्राम तिलसिंवा प.ह.न.07 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने माता स्व. परबतिया मृत्यु दिनांक 03/06/2022 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12/07/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/06/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./1281/ब-121/2024
सूरजपुर 18/06/2025

**ईश्तहार**

आवेदक का नाम नसीम आ. मो. हनीफ जाति मुसलमान निवासी ग्राम दतिमा तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने ससुर स्व. इलाही मृत्यु दिनांक 15/03/2008 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 21/07/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/07/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
सूरजपुर
जिला सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-202409020700141
/ब-121/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपेन्द्र विश्वकर्मा आ० प्रगाश विश्वकर्मा, निवासी नमनाकला. अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम हर्राटिकरा स्थित 402/9 रकबा 0.016 हे० भूमि को आवेदक एवं अनावेदिका द्वारा संयुक्त रूप से पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका नामांतरण भी हो चुका है. किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों ऑनलाईन बी-1 में केवल अनावेदिका का नाम दर्ज है। आवेदक का नाम त्रुटिवश छूट गया है।

आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/07/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक- 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर,
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

अम्बिकावाणी
अम्बिकापुर, बुधवार 9 जुलाई, 2025



आप अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न रहें अपितु इस बात का भी ध्यान रखें कि आप सही मार्ग पर हैं या नहीं।
0 ब्रम्हकुमारी

संपादकीय

## हिन्दी को जबरन घसीटना

*महाराष्ट्र के विद्यालयों में पहली कक्षा से हिन्दी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के दरम्यान मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। भाषा नीति के कार्यान्वयन व आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् की अध्यक्षता में समिति का गठन करने की घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने की।*

*राज्य सरकार ने अप्रैल मध्य में आदेश जारी किया था कि अंग्रेजी व मराठी माध्यम स्कूलों के छात्रों के लिए पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था, परंतु जबरदस्त विरोध के चलते महीने भर बाद ही संशोधित सरकारी आदेश द्वारा हिन्दी को वैकल्पिक विषय बता दिया गया। आदेश को रद्द करते हुए मुख्यमंत्री ने दलीलें दीं, कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे द्वारा कक्षा एक से बारह तक तीन भाषा नीति लागू करने की सिफारिशें स्वीकारी थीं व कार्यान्वियन पर सामिति गठित की थीं। भाषा विवाद देश में नया नहीं है। दक्षिण के कई राज्य हिन्दी का सिर्फ विरोध ही नहीं करते रहे हैं बल्कि इसे थोपे जाने के आरोप भी मढ़ते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रि-भाषा लागू करने की बात की गई है। जिसमें कम-से-कम दो भाषाएं भारत की मूल होनी अनिवार्य है। तीसरी भाषा का चयन छात्र/राज्य व क्षेत्र के अनुरूप करने की बात की गई। मगर स्थानीय राजनीतिक दलों ने इसे मुद्दा बनाया और वे पूर्वाग्रह से हिन्दी थोपने का विरोध करने में जुट गए। बेशक राज्यों में सरकारी नौकरियों के लिए उम्मीदवारों से स्थानीय भाषा के ज्ञान की अनिवार्यता अभी भी है। महाराष्ट्र में बहुसंख्य लोग मराठी बोलते हैं। यह देश में प्रयोग की जाते वाली भाषाओं में तीसरा स्थान रखती है, जिसे पश्चिम भारत के अन्य राज्यों में भी खूब प्रयोग किया जाता है। बावजूद इसके भाषा विवाद में जबरन हिन्दी को घसीटना सिर्फ राजनीतिक कीचड़ उछालने का दस्तूर बन गया है, जिस पर सरकार को कड़ा निर्णय लेना चाहिए। किसी भी राष्ट्रीय नीति को लेकर राज्यों को सहिष्णुता बरतनी चाहिए। केंद्र को इस पर दखलंदाजी करने पर संकोच नहीं करना चाहिए। जब तीसरी भाषा का चुनाव छात्रों के इख्तियार में है, वे स्वेच्छापूर्वक न चाहें तो उन्हें मजबूर नहीं किया जा सकता। सरकार का इस तरह का ढुलमुल रवैया उचित नहीं। अंग्रेजी पर बढ़ती निर्भरता और जरूरत को सहजतापूर्वक स्वीकारने वालों को एकता व अखंडता का सम्मान करते हुए जनता को यह इख्तियार देना होगा। भाषाओं की अपनी गरिमा व सम्मान है, उसके प्रति द्वेष कतई उचित नहीं है।*

# लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे ट्रंप

डॉ. एस.के. मिश्र

***अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे हैं। कभी अनाप-शनाप निर्णय के कारण तो कभी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय लेने के कारण। ताजा मामला ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम के एकतरफा ऐलान का है। इस कदम के फलस्वरूप न केवल उनके देश के नागरिकों में गुस्सा है बल्कि उनके सहयोगी देश भी सकते में हैं। यही नहीं ट्रंप ने दवा किया कि दोनों देश शांति के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।***

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तृत युद्ध विराम की घोषणा की। आपने दावा किया कि ईरान और इजरायल लगभग एक साथ मेरे पास आए और कहां 'शांतिइ, मुझे पता था कि अब समय आ गया है। विश्व और मध्य पूर्व ही असली विजेता है।इ आगे कहा कि 'इजरायल और ईरान का भविष्य असीमित है और महान आशाओं से भरा है दोनों देश अपने भविष्य में जबरदस्त स्नेह, शांति और समृद्धि देखेंगे।

विचारणीय विषय यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया ताकि मध्य पूर्व में चल रहे 12 दिनी युद्ध को अलविदा किया जा सके। कहा गया तब तेहरान ने ईरान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी सीमित प्रक्षेपास्त्र द्वारा प्रहार किया था।

वास्तव में यह अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु स्थलों पर की गई बमबारी का बदला था। यह भी ध्यान रहे कि इजरायल ने भी अभी तक ट्रंप के युद्ध विराम की घोषणा को स्वीकार नहीं किया है। आखिरकार ट्रंप की इस प्रकार की खोखली घोषणाएं देश एवं दुनिया को क्या जाहिर कराना चाहती है। इस तरह ट्रंप अपने मुंह मियां मिू बनकर अमेरिका की प्रतिष्ठा को भी धूल धूसरित करने में लगे हैं।

दूसरी तरफ, इजरायल ने ईरान पर युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बलपूर्वक जवाब देने की कसम खाई है। ईरान तथा इजरायल के बीच युद्धविराम की बात जिसने 12 दिनों के संघर्ष को रोक कर राहत भले दे दी हो, किंतु अभी भी असमंजस की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। ट्रंप अमेरिका के ही नहीं बल्कि दुनिया के ऐसे पहले राष्ट्र प्रमुख होंगे जिन पर विश्वास करना खतरे से खाली नहीं है।

दुनिया के हर मामले में हस्तक्षेप करके अपनी साख खोते जा रहे हैं। स्मरण रहे कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से ईरान इजरायल युद्ध में शामिल होने के संदर्भ में कहा था 'अमेरिका दो हफ्तों के भीतर इस संघर्ष में शामिल होने का फैसला करेगा, किंतु दो दिन बाद ही अमेरिका के बी-2 बमवषर्कों द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप भू राजनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव बढ ? की आशंकाएं बढ़ गई।

ट्रंप की घोषणा के बाद तेल अवीव और तेहरान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। बड़ी असमंजस की स्थिति बन चुकी है। एक ओर अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया है वहीं ईरान का कहना है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सामने खड़े होकर मुकाबला करने का जज्बा, जोश और जुनून रखता है और किसी भी हालत में पीछे ने हटने की बात भी करता है। इजरायल बहुत हद तक ईरान को कमजोर एवं खंड-विखंड की बात कहता है।

इस युद्ध में हर देश अपने को एक दूसरे से बड़ा विजेता बनने की बात करता है, किंतु इसकी सत्यता तो समय पर पता लगेगी कि वास्तविक जीत किसकी हुई है? ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर किए गए अपने आक्रमण को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान किसी के द्वारा की गई ज्यादती को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा। हम किसी के आगे नहीं झुकेंगे। यही ईरानी राष्ट्र की सोच है। स्पष्ट कर दूं कि एक दिन पूर्व अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्लांट्स पर हमला किया था, जिसमें फोर्डा परमाणु सुविधा संपन्न केंद्र भी शामिल था।

इसमें अमेरिका ने बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स के द्वारा 14 जीबीयू-57 में सिर्फ ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर गिराए थे। इससे ईरान के परमाणु सुविधा को बड़ी हानि उठानी पड़ी। ट्रंप अपने देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष होंगे जो अपनी अस्थिर सोच, विचार, क्रियाकलाप एवं व्यवहार के रूप में जाने जाएंगे।

नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा रखने वाले अपने पद, प्रतिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को भी दांव में लगाकर दोहरी, दोमुखी एवं दुधारू तलवार से दुनिया को चलाने का जो प्रयास कर रहे हैं, वह बेहद विरोधाभास से भरा हुआ है। जिस स्थिति एवं व्यवहार को अपनाकर वे 'ट्रंप चालइ चल रहे हैं, उससे उनकी जीत कभी भी बड़ी हार में बदल सकती है। बड़ा बनने के लिए एक बड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और स्वयं की बजाय लोगों को साबित करना होता है।

एक ओर आतंकी पाकिस्तान के साथ दोस्ती का डिनर दूसरी ओर ईरान पर हमला तीसरी और जी-7 की बैठक को बीच में छोड ?ा, 'ऑपरेशन सिंदूरइ के समय भारत-पाकिस्तान युद्ध में युद्ध विराम का श्रेय खुद लेना और स्वयं पीछे हट जाना कि इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी; आखिर कितना छिछलापन है? यह सर्वविदित सत्य है कि जहां अस्तित्व हेतु संघर्ष बेहद जरूरी है वहां शांति के बिना जीवन का आधार नहीं है। संघर्ष की अवधारणा अत्यंत व्यापक है, जो शांति की इच्छा को प्रोत्साहित करती है। वर्तमान दौर में संघर्ष एवं शांति बेहद महत्त्वपूर्ण समसामयिक चिंता एवं चिंतन का विषय है। हम सभी शांति, सुरक्षा, सद्भाव, सदाचार, सहयोग, समर्थन, स्नेह, सहानुभूति एवं सार्थक शिक्षा की बात करते हैं, किंतु उन्हें जीवन व्यवहार में अपनाने की बात पर अमल नहीं करते। देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अपना पिू बनाए रखने की ललक स्वयं एवं विश्व हित में नहीं होती है।

अतः ट्रंप द्वारा स्वयं की शेखी बघारना या डींग हांकना बंद करके मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के प्रति गंभीर रूप से चिंता व चिंतन करें तो इतिहास उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से बड़ा मानवीय हित संरक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगा। जिस तरह की दोहरी सोच वह प्रकट करते हैं, इससे उनके व्यक्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अमेरिका की छवि भी धूल धूसरित होती है। उन्हें जो अभी अपने बेहद खास नजर आ रहे हैं, वो भी कुछ दिनों में पराए हो जाएंगे। काश! उन्हें सदबुद्धि आए और विश्व का कल्याण हो।

(लेख में विचार निजी है)

# शब्द हिंसा का बेलगाम समय!

-प्रो.संजय द्विवेदी

***यह शब्द हिंसा का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गो की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं। यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है। यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं है, आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन है।***

निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा सच बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड ? की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत खौफनाक हो जाती है।

**सूचना और खबर के अंतर को समझिए -**

हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है। हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज सूचना और ज्ञान को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि सूचना तो समाचार,खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है। वह कहीं से भी आ सकती है। सोशल मीडिया आजकल सूचनाओं से ही भरा हुआ है। किंतु ध्यान रखें खबर, समाचार और न्यूज के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है। संपादकीय प्रक्रिया से गुजरकर ही कोई सूचना,समाचार बनती है। इसलिए संपादक और संवाददाता जैसी संस्थाएं साधारण नहीं है।

**हर व्यक्ति नहीं हो सकता पत्रकार-**

यह कहना आजकल बहुत फैशन में है कि इस दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है। हर व्यक्ति फोटोग्राफर है। हर व्यक्ति कम्युनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, वह पत्रकार कैसे हो जाएगा? मेरे पास कैमरा है, मैं फोटो ग्राफर कैसे हो जाऊंगा। विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं को हल्का बनाने के हमारे प्रयासों ने ही हमारी मीडिया या संवाद की दुनिया को बहुत बड़ा नुक्सान पहुंचाया है। यह वैसा ही है जैसे कपड़े प्रेस करने वाले या प्रिंटिंग प्रेस वाले अपनी गाडि ?ों पर प्रेस का स्टिकर लगाकर घूमने लगें। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक,महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, बाबासाहेब आंबेडकर, पं.जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस कौंसिल आफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी, जिसके समक्ष मुझे भी अपनी बात रखने का अवसर मिला था। बाद में उस कवायद का क्या हुआ पता नहीं।

**समाज की रूचि का करें परिष्कार -**

समाज की रुचि का परिष्कार और रूचि निर्माण भी मीडिया की जिम्मेदारी है। अपने पाठकों, दर्शकों को समय के ज्वलंत मुद्दों पर अपडेट रखना, उनकी बौद्धिक, नागरिक चेतना को जागृत रखना भी मीडिया का काम है। जबकि देखा यह जा रहा है कि पाठकों की पसंद के नाम पर कंटेंट में गिरावट लाने की स्पर्धा है। ऐसे कठिन समय में मीडिया के दायित्वबोध और सरोकारों पर बातचीत बहुत जरूरी है। प्रिंट मीडिया ने भी साहित्य, कलाओं, प्रदर्शन कलाओं और मनुष्य बनाने वाली सभी विधाओं को अखबारों से निर्वासन दे दिया है। मीडिया सिर्फ दर्शक बना रहे यह भी ठीक नहीं। उसे राष्ट्रीय भावना और जनपक्ष के साथ खड़े रहना चाहिए। देखा जाए तो समाज में फैली अशांति, स्पर्धा, लालसाओं और संघर्ष के बीच विचार के लिए सकारात्मक मुद्दे उठाने ही होंगे।

मीडिया खुद अशांत है और गहरी स्पर्धा के कारण सही -गलत में चुनाव नहीं कर पा रहा है। ऐसे में मीडियाकर्मियों की जिम्मेदारी है कि खुद भी शांत हों और संवाद की शुचिता पर काम करें। वसीम बरेलवी लिखते हैं -

कौन सी बात कहां, कैसे कही जाती है।

## पाक की अध्यक्षता का मतलब

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाकिस्तान को अध्यक्षता मिलना जहां कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, क्योंकि यह अस्थाई होती है और इसकी मीयाद सिर्फ एक महीने ही होती है, भारत में कई लोगों को इससे निराशा हुई है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मोटे तौर पर प्रतीकात्मक ही होती है और इसका कोई खास असर नहीं होता है। पाकिस्तान के यूएनएसी के अध्यक्ष बनने से भारत को तकनीकी रूप से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष देश कोई फैसला अकेले नहीं ले सकता।मगर हां, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से वो कई गड़बडि ?ां कर सकता है। जिसका उदाहरण सामने आ भी चुका है क्योंकि यूएनएससी में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मामले पर चर्चा भी शुरू कर दी, जबकि सबको पता है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है। पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा। बहरहाल ये भी हो सकता है कि अध्यक्ष बनने के बाद पाकिस्तान चाहे तो खुद को पीड़ित बता सकता है। इसके साथ ही वह सिंधु जल संधि पर भी अपना दुखड़ा रो सकता है कि भारत ने पानी बंद कर दिया है और जैसा कि ये दुनिया का बड़ा मंच है और उसे मौका मिला है तो वो अपना दुखड़ा पूरी दुनिया को पूरी ताकत से सुना सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि वो ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उल्टे सीधे बयान दे लेकिन इससे भारत को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। आतंकियों का पनाहगार और दुनिया के हर मंच पर कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान एक जुलाई से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है और एक महीने तक अध्यक्ष के तौर पर काम करेगा। पाकिस्तान इसी साल जनवरी में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य चुना गया था, जिसे वोटिंग के दौरान 193 में से 182 वोट मिले थे। 0 प्रेम शर्मा

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1367

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | | 8 | | | |
| 9 | | | 10 | | | 11 | 12 |
| | 13 | 14 | | | 15 | | |
| 16 | | | | 17 | | | |
| | | 18 | | | | 19 | |
| 20 | 21 | | | 22 | 23 | | |
| 24 | | | 25 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 13 अगस्त 1999 को इस लेखिका की पुस्तकी आमार मएबेला पर बांग्लोदश सरकार ने प्रतिबंध लगाया (8)
7. रचित जाना, निर्मित होना (3)
8. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
9. अलक, जुल्फ, उर्दू का अक्षर (2)
10. स्वच्छ, निर्मल (2)
11. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
13.14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध संत जिन्होंने धार्मिक एकता का उपदेश दिया था (3)
15. द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
16. दानशील, फैयाजी, दयालु (3)
17. तन, जिस्म, काया, शरीर (3)
19. व्रत या उपपास (उर्दू)(2)
20. किसी कार्य का अपनी ओर से आरंभ (3)
22. उपवन, वाटिका, बगीचा (2)
24. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
25. श्रृंगार, सज्जा, रौनक (उर्दू) (3)

**ऊपर से नीचे**
1. भारतीय संगीत में प्रयोग होने वाला एक ताल वाद्य (3)
2. देवमंदिर को यह भी कहा गया है (5)
3. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (सिर्फ नाम)(2)
4. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
5. तह, शिकन, बल (2)
6. क्षेत्रीय (अंग्रेजी) (4)
10. सारांश, सत, कस, निचोड़ (2)
12. राजकुमार, युवराज (5)
14. मुगल सम्राट अकबर के दरबारी रत्न जिनका असली नाम महेशदास भट्ट था (4)
15. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई जो आठ रत्ती के बराबर होती है (2)
16. पार्वती या उमा के पति होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
17. सजधज (4)
21. निदान, निष्पत्ति, निराकरण (2)
23. दुर्दशा, दुर्गति (2)

**वर्ग पहेली 1366 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | क्र | म | सा | रा | भा | ई | |
| शा | म | त | | के | ला | | क |
| ल | | ल | | श | | ला | मा |
| का | ति | ब | | श | ह | ना | ई |
| य | ह | | ब | र्मा | | | |
| | रा | ज | न | | ब | | रा |
| वा | | | फू | ल | न | दे | वी |
| ह | ल | च | ल | | ना | ना | |

## एकदा

### युवाओं की रगों में दौड़ रहा उपसंस्कृति का जहर




किसी देश को खत्म करना है तो अब वहां सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी की तरह परमाणु एटम बम डालने की जरुरत नहीं है। या रुस और यूक्रेन युद्ध के बीच विनाशकारीरर मिसाइल और द्रोण के जरिए बड़े बड़े बमों को गिराने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उस देश की संस्कृति को खत्म कर दो ...। वह मुल्क धीरे धीरे खुद ही मर जाएगा। इन दिनों हमारे देश भारत में यही हो रहा है। कभी विश्व गुरु कहलाने वाली देश की तहजीब रसातल में जा रही है। पश्चिमी संस्कृति की चकाचौंध, बाजारवाद की चमचमाहट और दौलत तथा शोहरत की हवस वाली वाली स्टेटस सिंबाल की संस्कृति हमारी पूरब की तहजीब को तेजी से निकल रही है। सीधी सपाट भाषा में कहा जाए तो हमने अंध विकास के लिए विनाश की बीमारी मोल ले ली है। यह यह नया नवेला कल्चर हमारे हजारों साल से चले आ रहे सामाजिक तानेबाने, सांस्कृतिक ढांचे और पारिवारिक संबंधों को तहस-नहस किए जा रहा है। कंटीले कैक्टस के कांक्रीट सघन जंगलों में न्यूक्लीयर फेमिली प्रेम और सम्मान में पगे हमारे संयुक्त परिवार की जड़ों को नेस्तनाबूद कर रहे हैं। एक ओर तो हमारे देश के सियासी रहनुमा भारत को फिर से विश्व गुरु, सुपर कंम्यूटर और और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था वाला देश बनाने का दावा या लोकलुभावना सपना दिखा रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपने घोषित और अघोषित स्वार्थ के लिए ऐसे दुष्कृत्यों का युद्धस्तर पर चौतरफा अभियान छड़े हुए हैं वसुधैव कुटुंबकम की भारत की संस्कृति प्रदूषित हो रही है।

आज राजनीतिक शुचिता तार तार हो रही है,

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09:03 से 10:43 तक-चंचल
10:43 से 12:23 तक- लाभ
12:23 से 14.04 तक- अमृत
20:24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते है, आज का दिन आपके लिए शुभ है। दाम्पत्य रिश्तों में तालमेल बना रहेगा, जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आज आप ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लीड कर सकते है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज से आप अपनी हेल्थ को ठीक रखने के लिए रोज व्यायाम करने की आदत को सुधारेंगे। वैवाहिक जीवन में कुछ नई जिम्मेदारियों को निभाने का दायित्व प्राप्त होगा व्यापारिक दृष्टि से आपके लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी,

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस में आज आपको बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। नौकरी का इंतजार कर रहे व्यक्तियों को आज किसी बड़ी कंपनी से ऑफर मिल सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आप अपने जीवन से जुड़े कुछ जरूरी निर्णय करेंगे, जो भविष्य में आपकी बड़ी मदद करेंगे। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है,

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, अत्यधिक खर्च करने से बचें। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा, सामाजिक तौर पर आपकी स्थिति ठीक रहेगी 7 आर्ट स्टूडेंट को आज कला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर का प्राप्त होगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आज आप कही घूमने जा सकते है।

तुला राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सगेझसम्बन्धियों से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, चहल-पहल बनी रहेगी। विदेश में रह कर काम कर रहे व्यक्तियों को घर जाने का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज का दिन आप पढ?-लिखने में बिताएंगे और आपकी व्यापारिक दृष्टि से लाभ की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चे आज घर के काम में हाथ बटाएंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेंगे। रिश्तों में ताल झ मेल बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जायेंगे। रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे,

मकर राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका सारा ध्यान आपके काम पर रहेगा, किसी जरूरी काम के सिलसिले में आपको बाहर जाना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष से आज आपको विशेष सूचना प्राप्त होगी।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को आज पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, जिससे समाज में आपकी जवाबदेही बढ़ेगी। तकनीकी क्षेत्र में काम कर रहे व्यक्तियों की कार्यकुशलता आज अधिक अच्छी होगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा लेकिन फिजूलखर्ची से बचकर रहें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल बना रहेगा।



# फ्लोरिडा का द विलेजेस यहां सिर्फ रिटायर्ड ही रह सकते हैं

**अमेरिका के फ्लोरिडा में एक अनोखा गांव अखा है। इस गांव का नाम द विलेजेस है। गाँव की खास बात यह है कि यहां सिर्फ 55 साल से अधिक उम्र के रिटायर्ड लोग ही रहते हैं।**

यहां लगभग 1 लाख लोग निवास करते हैं, जो इसे दुनिया के सबसे बड़े रिटायरमेंट समुदायों में से एक बनाता है। इस गांव में बुजुर्गों के घरों के साथ ही स्विमिंग पूल्स, थिएटर्स, गोल्फ कोर्स और शॉपिंग सेंटर जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। यहां 54 गोल्फ कोर्स, 70 पूल्स और 3 हजार सोशल क्लब्स हैं। सभी बुजुर्ग आपसी मेलजोल के साथ जीवन को उत्सव की तरह मनाते हुए रहते हैं।



## 55+ उम्र वाले ही स्थायी रहवासी

यह गांव 30 हजार एकड़ में फैला है। 55 साल या उससे अधिक उम्र के लोग स्थायी रूप से रह सकते हैं। युवा लोग यहां केवल विजिटर के तौर पर आ सकते है। इस रिटायर्ड कम्युनिटी का निर्माण 1980 के दशक में शुरू हुआ था।









# ये हैं दुनिया के बड़े म्यूजियम कहीं 30 लाख कलाकृतियां तो कोई 60 हजार वर्गफीट में फैला

म्यूजियम किसी भी देश की संस्कृति को संरक्षित करते हैं। आज हम जानेंगे दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालयों के बारे में। इनमें कोई आकार में बड़ा है, तो किसी के पास संग्रहालयों का सबसे बड़ा समूह है। वहीं कहीं पर सबसे ज्यादा वस्तुएं रखी हुई हैं।

## अमेरिका का स्मिथसोनियन संग्रहालय



अमेरिका में स्थित स्मिथसोनियन संग्रहालय दुनिया का सबसे बड़ा संग्रहालयों का समूह है। इसके कुल 19 संग्रहालय हैं। यहां आपको इतिहास से लेकर अंतरिक्ष के भविष्य के बारे में जानने को मिलेगा। साथ ही इस संग्रहालय में 21 लाइब्रेरी और 14 अनुसंधान केंद्र भी हैं। इस म्यूजियम की स्थापना 1846 में जेम्स स्मिथसन ने की थी। म्यूजियम अपने अनुसंधान के लिए भी पूरी दुनिया में मशहूर है। संग्रहालय एक बड़ा प्राणी उद्यान भी चलाता है। यहां आने वाले आगंतुकों से संग्रहालय कोई चार्ज नहीं लेता है।

## रूस के पीटर्सबर्ग में स्थित स्टेट हर्मिटेज म्यूजियम

रूस के दूसरे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित हर्मिटेज म्यूजियम में सबसे ज्यादा वस्तुओं का संग्रह है। इस संग्रहालय में करीब 30 लाख से अधिक कलाकृतियां रखी हुई हैं, जो पाषाण युग से लेकर 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ तक की है। 6 मंजिल वाले इस म्यूजियम को 1764 में कैथरीन द ग्रेट ने अपने चित्रों के संग्रह को रखने के लिए बनाया था। म्यूजियम में चूहे क्षति न पहुंचाए इसलिए यहां 50 से ज्यादा बिल्लियों को रखा गया हैं। प्रति/ व्यक्ति इस म्यूजियम का टिकट 435 रुपए हैं।






## फ्रांस का मुसी दू लूव्र म्यूजियम

फ्रांस में स्थित मुसी डू लुव म्यूजियम आकार में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इस म्यूजियम को 1793 में जनता के लिए खोला गया था। उस समय इस म्यूजियम में 537 ड्रॉइंग की प्रदर्शनी लगाई गई थी। ये म्यूजियम 60600 वर्ग फीट में बना हुआ है। इस म्यूजियम की खास बात यह है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम होने के साथ ही सबसे ज्यादा देखा जाने वाला म्यूजियम भी है। 2022 में इस म्यूजियम को 90 लाख से ज्यादा लोग देखने आए थे। इस म्यूजियम में 8 क्यूरेटोरियल विभाग बने हुए हैं, जिनमें 3 लाख 80 हजार से ज्यादा पुरानी वस्तुएं प्रदर्शित की गई है। इनमें ज्यादातर प्राचीन मूर्तियां पुरातात्विक खोज में मिली है। इसी म्यूजियम में दुनिया की सबसे प्रसिद्ध पेंटिंग मोनालिसा और बोनस डी मीलो की पेंटिंग रखी हुई है। कहा जाता है इस म्यूजियम को एक दिन में घुमना संभव नहीं है। म्यूजियम की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात रहते है। म्यूजियम का टिकट प्रति व्यक्ति 1500 रुपए है।







# दुनिया की सबसे बड़ी रहवासी इमारत, 20 हजार लोग रहते हैं

**आमतौर पर हम सुनते हैं कि किसी गांव या कस्बे की आबादी 20 हजार होगी। लेकिन चीन के हांगझू प्रांत के कियांगजियांग शहर में एक ऐसी इमारत है, जिसमें 20 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। इस इमारत का नाम रिजेंट इंटरनेशनल बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग को दुनिया की सबसे बड़ी रहवासी इमारत माना जाता है। इस बिल्डिंग में लगभग 5 हजार अपार्टमेंट हैं। इमारत की ऊंचाई करीब 675 फीट है और इसे अंग्रेजी के एस आकार में बनाया गया है।**

## रहवासी सेल्फ कंटेंड कम्युनिटी का है हिस्सा

चीन की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस इमारत को होटल के हिसाब से डिजाइन किया गया था। लेकिन बाद में इसे रिहायशी अपार्टमेंट में बदल दिया गया। इमारत को इसलिए भी खास माना जाता है, क्योंकि यहां रहने वाले लोगों को रोजमर्रा की जरूरत की सभी सुविधाएं यहीं मिल जाती हैं। इमारत के अंदर ही फुड कोर्ट, स्विमिंग पूल, किराना स्टोर, सैलून, कैफे उपलब्ध है। इसलिए यहां रहने वालों को सेल्फ कंटेंड कम्युनिटी कहा जाता है। अब यह इमारत एक पर्यटन स्थल के रूप में भी उभर रही है।

बड़ी संख्या में युवा पेशेवर रहते हैं इस इमारत में सिंगापुर में स्थित दुनिया के दूसरे सात सितारा होटल की डिजाइनर एलिसिया लू ने इस बिल्डिंग को डिजाइन किया है। इस बिल्डिंग का उद्घाटन 2013 में हुआ था। यहां रहने वाले अधिकांश निवासी युवा पेशेवर है, जिन्होंने हाल ही में कॉलेज से स्नातक किया है। चीन की समाचार एजेंसी सिना के मुताबिक यहां बिना खिड़कियों वाले छोटे अपार्टमेंट 18 हजार रुपए प्रतिमाह के किराये पर मिल जाते हैं। वहीं बालकनी वाले अपार्टमेंट 46 हजार रुपए प्रतिमाह के रेट पर किराये पर मिलते हैं। इमारत में 39 फ्लोर हैं। साथ ही इमारत करीबन 14 लाख वर्गमीटर में फैली हुई है। इस इमारत की क्षमता करीब 30 हजार लोगों के ठहराने की है।

## ट्रैफिक लोड कम कर रही ये इमारत

इस इमारत से शहर में यातायात दबाव को कम करने में भी मदद मिली है। इमारत में ही रहवासियों को आवश्यक सेवाएं मिलने की वजह से रहवासियों की लंबी दूरी तक गाड़ी चलाने की जरूरत नहीं होती है। ब्रॉड ग्रुप कंपनी के अनुमान है कि इस इमारत की वजह से 2 हजार गाड़ियां सड़कों पर कम आती हैं। इससे ट्रैफिक और प्रदूषण कम हो रहा है। इमारत में बिजली के लिए सौर पैनल से चलते वाले हीटिंग वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगे हैं, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करते हैं। इसके अलावा पानी के लिए बिल्डिंग में रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग और ग्रेवाटर रीसाइक्लिंग की व्यवस्था भी गई है।





# इंडोनेशिया में है विश्व की सबसे ऊंची विष्णु प्रतिमा, बनने में लगे हैं 24 साल

**भारत में भगवान विष्णु के अनेक प्राचीन मंदिर हैं, लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि विश्व की सबसे ऊंची विष्णु प्रतिमा भारत में नहीं बल्कि एक मुस्लिम देश इंडोनेशिया में है। इंडोनेशिया में भले ही सबसे ज्यादा संख्या मुस्लिमों की हो और दुनिया में मुस्लिमों की आबादी के मामले में नंबर वन देश हो, लेकिन यहां के कण-कण में हिंदुत्व बसता है।**

इंडोनेशिया की एयरलाइन का नाम गरुड़ा एयरलाइन है। गरुड़ यानी भगवान विष्णु की सवारी। इंडोनेशिया के बाली द्वीप में केनकाना पार्क है। इसी पार्क में गरुड विष्णु की 122 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित है, जिसे बनाने में 26 साल लगे। अमेरिका की स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के मुकाबले ये मूर्ति अधिक चौड़ी है। गरुड़ के पंख ही 60 मीटर के बनाए गए हैं।

## 24 साल में बनी है ये प्रतिमा

भगवान विष्णु की यह मूर्ति करीब 122 फुट ऊंची और 64 फुट चौड़ी है। इसका निर्माण तांबे और पीतल से किया गया है। इसे बनाने में 2-4 साल नहीं बल्कि करीब 26 साल का समय लगा है। साल 2018 में यह मूर्ति पूरी तरह बनकर तैयार हुई थी। अब इसे देखने और भगवान के दर्शन के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं।

## 1994 में शुरू हुआ था मूर्ति निर्माण का कार्य

इस मूर्ति के बनने की कहानी भी बड़ी ही दिलचस्प है। कहते हैं कि साल 1979 में इंडोनेशिया में रहने वाले मूर्तिकार बप्पा न्यूमन नुआर्ता ने एक विशालकाय मूर्ति बनाने का सपना देखा था। एक ऐसी मूर्ति, जिसे आज तक दुनिया में न बनाई गई हो। एक ऐसी मूर्ति, जिसे देखने वाला बस उसे देखता ही रह जाए। आखिरकार लंबी प्लानिंग के बाद मूर्ति बनाने का काम साल 1994 में शुरू हुआ।

## मुस्लिम देश में होती है हिंदू देवताओं की पूजा

इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर भगवान विष्णु की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति है। ये मूर्ति स्टैच्यु ऑफ गरुड़ा के नाम से प्रसिद्ध है। यह मूर्ति इतनी विशाल और इतनी ऊंचाई पर है कि आप देखकर ही हैरान हो जाएंगे। इस मूर्ति को बनवाने में अरबों रुपये खर्च हुए थे. भगवान विष्णु के इस मूर्ति का निर्माण तांबे और पीतल का इस्तेमाल किया गया है।

## नए साल के आयोजन में रामलीला

इंडोनेशिया मे नए साल आयोजन शुरू हो चुके है। इसी क्रम मे यहां बाली के केनकाना पार्क में गरुड़ विष्णु केनकाना केचक नृत्य हुआ। यह नृत्य रामायण पर आधारित है। मंचन की शुरुआत वानर की आवाज से हुई। इसके बाद करीब 100 पुरुष मंच पर प्रकट हुए। वह चौकड़ी मारकर बैठ गए। वे बाली नृत्य शैली में सीता हरण के दृश्यों का मंचन करने लगे। इस नृत्य को देखने के लिए देश के साथ विदेशी श्रद्धालु और सैलानी बड़ी संख्या मे पहुंचे।



## छत्तीसगढ़ के 2 शराब कारोबारियों को झारखंड एसीबी ने किया गिरफ्तार




**रायपुर।** झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी की कार्रवाई अब तेज हो गई है। सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ के श्री ओम साईं बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह और मुकेश मनचंदा को गिरफ्तार किया है। टीम आगे की कार्रवाई की तहत अब मामले में पूछताछ करेगी।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में बैंकर्स की भूमिका अहम- डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी

## मंथन कक्ष में जिला स्तरीय बैंकर्स प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न




**कोरिया बैकुंठपुर** - जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए बैंकर्स की भूमिका को स्पष्ट करना और बैंक लिंकेज की प्रक्रिया को सरल बनाना था। कार्यशाला में जिले के सभी प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ-साथ बिहान से जुड़े कैडर और महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर नेशनल रिसोर्स पर्सन श्री गगन भुइया ने बैंकर्स को बिहान मिशन की विस्तृत कार्यप्रणाली, समूह बैंक लिंकेज, लखपति दीदी योजना के अंतर्गत ऋण प्रक्रिया और वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से श्री राजेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि 'महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें बैंकर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले में लगातार महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। डॉ. चतुर्वेदी ने बैंकर्स से आग्रह किया कि वे महिला समूहों द्वारा प्रस्तुत ऋण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें और स्वीकृत राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करें ताकि महिलाएं समय पर अपने उद्यम शुरू कर सकें। उन्होंने बिहान टीम और बैंकर्स के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को प्रकरण निर्माण, स्वीकृति प्रक्रिया और ऋण वितरण के विभिन्न चरणों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

### न्यूज गैलरी

## स्कूली बच्चों को बांटी गई स्टेशनरी सामग्री

### उषांकर चेरिटेबल व एजुकेशनल ट्रस्ट का सराहनीय प्रयास



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** उषांकर चेरिटेबल व एजुकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा जिला सागर की ओर से स्वर्गीय श्री शंकर लाल सोहने की स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक श्रृंखला के अंतर्गत 20वें कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के सदस्य राकेश गुप्ता के द्वारा एवं विद्यालय के हेडमास्टर धर्म राज तिवारी के सहयोग से शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड नंबर 6 मनेंद्रगढ़ में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व भारत माता की जयकारे के साथ किया गया। हेडमास्टर व अन्य शिक्षकों को श्रीफल व गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के सदस्य राकेश गुप्ता ने ट्रस्ट के उद्देश्य से अवगत कराया। कार्यक्रम में देशभक्ति गानों के साथ संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने भी अपने उद्बोधन दिए। अंत में हेडमास्टर धर्मराज तिवारी ने आयोजन के लिए ट्रस्ट व सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन विद्यालय में प्रथम बार किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में बहुत ही निर्धन परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं उनकी इस प्रकार की सहायता करने से उनमें उत्साह बढ़ता है। कार्यक्रम में 30 बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थित बच्चों को शिक्षा से संबंधित स्टेशनरी ड्राइंग कॉपी, कलर बॉक्स, क्लिप बोर्ड, स्कूल बैग के साथ कॉपी व कलम भेंट किए गए। स्कूली बच्चों को स्वल्पाहार भी कराया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्य राकेश गुप्ता, राशी बरसैया, मनोहर लाल गुप्ता व कृतिका एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## समाजसेवी संस्था ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे कॉपी और स्कूली बैग



**चिरमिरी (अम्बिकावाणी समाचार)।** फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रमुख समाजसेवी अनीता फरमानिया के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुटरा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के जरूरतमंद समस्त विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं कॉपी वितरित किया गया। फरमानिया ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा जागरूकता एवं शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पूरे लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने अनीता फरमानिया का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया तथा समाजसेवा के पुण्य कार्यो के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख नारायण प्रसाद केंवट, वरिष्ठ व्याख्याता देव लाल चैहान, अनुग्रहित तिर्की, देवेंद्र कुमारी, विमला सिंह, तारिक सिद्दिकी एवं अखिलेश कुमार राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता एकता पांडेय के द्वारा किया गया।

## करंट से गई सरपंच की जान



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** मंगलवार को करंट की चपेट में आने से ग्राम पंचायत सोनहरी के सरपंच की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का वातावरण निर्मित है।

जानकारी के अनुसार मनेंद्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनहरी के सरपंच 42 वर्षीय भागवत प्रसाद घर में खराब पड़े पंखा को बनाने की कोशिश कर रहे थे, इसी दरम्यान वे करंट की चपेट में आकर अचेत हो गए। आनन-फानन में इलाज के लिए उन्हें शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से चिरमिरी को मिली बड़ी सौगात, पेयजल संकट होगा समाप्त

### पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की मिली वित्तीय स्वीकृति



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** चिरमिरी वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है। अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जल्द ही चिरमिरी की धरती पर बहता साफ और शुद्ध जल न केवल स्वास्थ्य लाभ देगा, बल्कि नागरिकों का जीवन स्तर भी ऊँचा उठाएगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण

# हायर सेकेण्ड्री स्कूल बहरासी में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**जनकपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरासी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षयशवंती रविशंकर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत भरतपुर के उपाध्यक्ष और खंड शिक्षा समिति के अध्यक्ष हीरालाल मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि कमल जोगी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्षदीप प्रज्वलन व श्रद्धा सुमन अर्पण के उपरान्त कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत पश्चात स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्था के प्राचार्य सच्चिदानंद साहू ने संस्था में उपलब्ध भौतिक संसाधनों और अध्यनरत छात्राओं की संख्यात्मक व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और विद्यालय में संचालित संकायों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की। 2 वर्षों से अधिक हो चुके अतिरिक्त कक्षों को कार्यपूर्ण कराकर हैंडओवर करने के लिए आगंतुक अतिथियों से अनुरोध भी किया। विभिन्न स्कूलों से आए हुए कक्षा पहली, छठवीं, एवं कक्षा नवमी, दसवीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को चंदन तिलक लगाकर, लड्डू खिलाकर अतिथियों द्वारा बच्चों का स्वागत और उत्साहवर्धन किया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य-पुस्तक और गणवेश का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। जिला पंचायत की अध्यक्ष यशवंती सिंह ने अपने उदबोधन में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। हीरालाल मौर्य ने शाला प्रवेश उत्सव को महत्वपूर्ण बताते हुए नौनिहालों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी शिक्षकों की बताया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अमरनाथ मिश्रा प्रधान पाठक के द्वारा आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में सीएससी रामनिवास चतुर्वेदी एवं राजकुमार गुप्ता सहित संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता आनंद प्रकाश टोप्पो, राजेश तिवारी, वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, भवानी सिंह कंवर, जेवियर किस्पोट्टा, पीटीआई महेश साहू, शिक्षक भैयालाल बैगा, रोशन टोप्पो, वीरेंद्र तिवारी, मुनेश्वर भगत, विशेश्वर करसायल, चंद्रावती मिश्रा, सुमित्रा, ममता सिंह, प्रधान पाठक रईशा बी, क्षिप्रा तिवारी, सिद्धि साहू, कृष्ण कुमार राजवाडे, पुष्पा सिंह एवं शशिमा यादव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बच्चों के पालक और अभिवावक भी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## कोरिया की जड़ी बूटी की जीत धमक राजधानी तक

### कोरिया जिले की रजिस्टर्ड आयुर्वेदिक कंपनी आंचल हर्बल प्राइवेट लिमिटेड



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन कोरिया वन मंडल द्वारा संचालित वन औषधालय एवं संजीवनी जड़ी बूटी क्रय विक्रय केंद्र बस स्टैंड बैकुंठपुर में पदस्थ वेद अरुण शुक्ला २६०० /प्रति माह के वेतन में २००१ से लेकर २०२५ तक लगभग २५ वर्षों से गरीब से गरीब आमिर से अमीर तक लगभग एक लाख से अधिक मरीजों को अपने अनुभव से लाभान्वित करते हुए सुदूर वनांचल क्षेत्र जनकपुर से देश की राजधानी नई दिल्ली तक एक गरीब परिवार से लेकर इस देश की सर्वोच्च पद महामहिम उपराष्ट्रपति तक लोगों को लाभान्वित करते हुए साथ साथ ही राज्य के कई मंत्रियों से लेकर तीन राज्य के राज्यपालों एवं केंद्रीय सचिवों तक अपने कोरिया जिले की जड़ी बूटी का नाम रोशन करते हुए अब एक रजिस्टर्ड आयुर्वेदिक कंपनी आंचल हर्बल प्राइवेट लिमिटेड डूमरकोली जनकपुर भाड़ी बैकुंठपुर में स्थापना कर लोगों को जंगल की ताजी वन औषधियां से निर्मित आर्क चरण अचार मुरब्बा वह अन्य खाद्य उत्पादन को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने का प्रयास कर रहे हैं एवं ८ जुलाई २०२५ को प्रधानमंत्री के निजी सलाहकार का इलाज करने दिल्ली जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा गुरु घासीदास राष्ट्रीय विश्वविद्यालय से लेकर राज्य व देश की कई संस्थाओं ढ्रष्ट्रक्र गुजरात व आईसीएआर दिल्ली में प्रशिक्षण राज्य की खर्चे पर प्रदान किया गया है।

## पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ- कलेक्टर

### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि कार्यों की विस्तृत समीक्षा




**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों की योजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए निरंतर निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन आवश्यक है।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व जनजाति विकास, श्रम, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की गई।

**जनजातीय ग्रामों पर विशेष जोर** - कलेक्टर ने च्धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियानज् की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के १५४ जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है, जहाँ रह रहे परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु १५ जुलाई तक सभी गैप्स को भरने के निर्देश दिए गए हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता** - कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट व आंगनबाड़ी केंद्रों में आयरन सिरप पिलाने की व्यवस्था की जाए और सिकलसेल, टीबी जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने बुजुर्गों एवं मानसिक रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु दवाओं की उपलब्धता और सांप काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटीवेनम वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**निरीक्षण और जवाबदेही के निर्देश** - कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम और जिलाधिकारियों को रोस्टर अनुसार आश्रम शालाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, राशन दुकानों की आकस्मिक निरीक्षण करने और संबंधित संस्थानों की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। संस्थानों में कमी मिलने पर तात्कालिक सुधार और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य अधिकारी से कहा है कि किसी भी हालत में जीर्ण भवनों में कक्षा व केंद्र का संचालन न करें, बल्कि मरम्मत करने की कार्यवाही तक अन्य कक्ष व भवनों में संचालित करने की व्यवस्था करें।

**नालियों का कराएं नियमित सफाई** - कलेक्टर ने तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा है कि नियमित रूप से नालियों का सफाई कराएं व व्यवस्था का निरीक्षण भी करें, मोहल्ले व कॉलोनियों में कीटनाशक व मच्छर मारने की दवा का छिड़काव भी करें।

**किसानों को प्रोत्साहन और कृषि सामग्री की उपलब्धता** - कृषि, मार्कफेड और बीज निगम के अधिकारियों को किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने तथा उन्हें धान की जगह दलहन-तिलहन फसलें लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। साथ ही, दलहन- तिलहन फसलों के लाभ की जानकारी भी किसानों को देने के निर्देश दिए गए।

**समय-सीमा में शिकायतों का समाधान अनिवार्य** - जनदर्शन, पीएम पोर्टल और सीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। आज जनदर्शन में ४० आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने इन सभी आवेदनों को समय पर निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, राकेश साहू सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## जो लोग आज भी जंगलों में बंदूक लेकर घूम रहे हैं, उनसे बार-बार आग्रह है कि वे मुख्यधारा में आएं - उपमुख्यमंत्री




**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा किसर्च ऑपरेशन जारी है, जो लोग आज भी जंगलों में बंदूक लेकर घूम रहे हैं, लोगों को डरा रहे हैं, विकास में बाधा बन रहे हैं, उनसे बार-बार आग्रह किया गया कि वे मुख्यधारा में आएं, लेकिन ऐसा नहीं होने के बाद सर्च ऑपरेशन जारी है... परसों बीजापुर में अभ्यारण्य क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक वदीर्धारी नक्सली मारा गया।

# एसपी रवि कुमार कुर्रे केंद्रीय विद्यालय के छात्रों से हुए रूबरू

### यातायात, साइबर, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, शिक्षा एवं अनुशासन जैसे विषयों पर विद्यार्थी हुए जागरूक




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में संचालित जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर पहुंचकर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर स्थित है जहां से आप अपने जीवन का मार्ग चुन सकते हैं ऐसे में अत्यंत ही सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है, अपना लक्ष्य निर्धारण करें समय प्रबंधन पर ध्यान दें और अनुशासन में रहते हुए कठिन परिश्रम के बल पर अपने मंजिल को प्राप्त करें। समय अत्यंत मूल्यवान है इसे व्यर्थ न जाने दें बीता हुआ समय वापस नहीं आता है केवल पछतावा शेष रहता है।

पुलिस अधीक्षक ने नशा मुक्ति पर व्यापक रूप से जोर देते हुए कहा कि नशा नाश का जड़ है इसे किसी भी रूप में नहीं अपनाना चाहिए और यदि घर में भी कोई इसके शिकार हैं तो उन्हें भी नशा छोड़कर सही मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करें। साथ ही यदि आपकी जानकारी में जिले में कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों का विक्रय होता है तो पुलिस को सूचित करें आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

साइबर जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताए कि वर्तमान समय में व्यापक पैमाने पर लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं जिससे बचने के लिए हर समय जागरूक रहना चाहिए, सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करें जिसे न जाने उनसे वातार्लाप ना करें ना ही उनका फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करें, अपना ओटीपी एवं पासवर्ड किसी से साझा ना करें, अननोन लिंक, फर्जी मेल, प्रलोभन देने वाले विज्ञापन, लॉटरी, कूपन के फेर में ना पड़ें।

सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित बातों को गंभीरता से अमल करें खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें। सड़क दुर्घटना अत्यंत ही कष्टदायक है जिस पर रोक लगाने हेतु सुरक्षा नियमों का पालन करें, नाबालिक होने की स्थिति में वाहन चालन ना करें।

एसपी श्री कुर्रे ने जल संरक्षण, स्वच्छता, एक पेड़ मां के नाम, पाक्सो, प्लास्टिक का उपयोग और सही नस्टीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मविश्वास, परिवार के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण, अनुशासन एवं खेल के महत्व के बारे में अत्यंत ही सरल एवं सहज शब्दों में छात्रों को विस्तार से बताए।

नायक महेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों, एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही १८ वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, छात्र-छात्राओं व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया, छात्रों को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया।यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्ह की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेब्रा क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग, गुड समेरिटन, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण, दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुमार्ने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई।


उक्त संपूर्ण जागरूकता अभियान के दौरान संस्था के प्राचार्य अवनी प्रकाश श्रीवास्तव, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक जग नारायण साहू, आर. गुलशन महानदियां, शिक्षक रवींद्र यादव, दिव्या कुमारी के साथ विद्यालयीन स्टाफ एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**एलेक्सा पर 'जासूसी' का आरोप,अमेजन पर चलेगा मुकदमा, करोड़ों यूजर्स की निजी बातें सुनने का है मामला**

नई दिल्ली ,08 जुलाई । गूगल और फेसबुक के बाद अब दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भी यूजर्स की प्राइवेसी से खिलवाड़ के मामले में कानूनी मुश्किलों में घिर गई है। कंपनी के लोकप्रिय वॉइस असिस्टेंट 'अलेक्साइ (द्यद्ग&ड्ड) पर करोड़ों यूजर्स की निजी बातें और बातचीत रिकॉर्ड करने का आरोप लगा है। इस मामले में एक अमेरिकी फेडरल जज ने अमेजन के खिलाफ क्लास-एक्शन मुकदमे को हरी झंडी दे दी है। यह फैसला सोमवार, 7 जुलाई को अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज रॉबर्ट लैसनिक ने सुनाया। उन्होंने कहा कि अमेजन के खिलाफ देशव्यापी मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार मौजूद हैं ताकि यूजर्स को हुए वित्तीय नुकसान की भरपाई और प्राइवेसी के कथित उल्लंघन को रोका जा सके। यह मुकदमा उन लाखों यूजर्स के हितों का प्रतिनिधित्व करता है,



# एजबेस्टन की हार पर एंडरसन की इंग्लैंड को नसीहत, कहा - आपको उसे खिलाना ही होगा



**नईदिल्ली,08 जुलाई।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा. सीरीज अभी एक-एक से बराबरी पर खड़ी है, क्योंकि इंग्लैंड को एजबेस्टन टेस्ट में भारत के हाथों 336 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा था, जबकि लीड्स टेस्ट में भारत 5 विकेट से हारा था.

दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन ने हर किसी का दिल जीत लिया, क्योंकि टेस्ट इतिहास में पहली बार भारत ने एक मैच में 1014 रन बनाए थे. जिसमें सिर्फ कप्तान शुभमन गिल के अकेले 430 रन शामिल हैं. इसके अलावा दूसरे खिलाड़ियों ने भी शानदार पारियां खेलीं. वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड टीम की गेंदबाजी पर सवाल उठ रहे हैं और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किए जाने की अपील कर रहे हैं.

इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जेम्स एंडरसन का भी मानना है कि लॉर्ड्स में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाना चाहिए. आईसीसी ने एंडरसन के हवाले से कहा, आप उन्हें (आर्चर) सीरीज में बाद में खिला सकते हैं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी. मुझे लगता है कि उन्हें तीसरे टेस्ट में होना चाहिए. उन्होंने काउंटी में ससेक्स के लिए एक मैच खेला है, वह एजबेस्टन में टीम के साथ थे और उन्होंने थोड़ी गेंदबाजी भी की. मुझे लगता है कि आपको उन्हें खिलाना ही होगा, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण मैच है.

बता दें पहले टेस्ट के बाद ही जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल कर लिया गया था और उस समय ये उम्मीद जताई जा रही थी कि वो दूसरे मैच में खेलेंगे. लेकिन इंग्लैंड ने दूसरे मैच में भी उसी टीम को खिलाने का फैसला किया जो पहले टेस्ट में खेली थी. ये भी उल्लेखनीय है कि आर्चर ने चार साल से अधिक समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की है.

हालांकि इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने आर्चर की वापसी की कोई गारंटी नहीं दी है, लेकिन उन्होंने कहा कि दाएं हाथ का यह गेंदबाज फिट है और चयन के लिए उपलब्ध है. मैकुलम ने कहा, हम सभी जानते हैं कि वे टेस्ट क्रिकेट में क्या हासिल करने में सक्षम हैं और हमें उम्मीद है कि जब उन्हें मौका मिलेगा, तो वे खेल के उस प्रारूप में पहले से जो कर रहे हैं, उसे फिर से हासिल करने और उसमें सुधार करने में सक्षम होंगे.

एजबेस्टन में मिली हार के कुछ घंटो बाद इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में एक और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को शामिल किया है. इसके साथ टीम में अब तेज गेंदबाजों की लिस्ट 6 हो गई है. जिसके बाद अब ये देखना दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट में किस तेज गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन में शामिल करता हैं.

तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स.

# बैट नहीं अब हाथ से कमाल दिखाएंगे पवन हलवाने, बीसीसीआई की अंपायर परीक्षा को किया टॉप



**नईदिल्ली,08 जुलाई।** महाराष्ट्र के जिला अकोला के एक किसान के बेटे पवन हलवाने ने क्रिकेट में लेवल 2 की अंपायरिंग परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करके अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है. ये परीक्षा जून में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अंतर्गत आयोजित की गई थी.

पवन ने इस परीक्षा में 150 में से सर्वाधिक 147.5 अंक हासिल किए. पवन अकोला क्रिकेट क्लब के लिए क्रिकेट भी खेलते हैं. वो अकोला के छोटे से गांव सांगवी खुर्द से आते हैं. जो जिला किसानों की लगातार आत्महत्याओं के लिए जाना जाता है, और प्रकृति की मार के कारण अक्सर किसानों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है. वहीं से अकोला के खिलाड़ी ने बेहद कठिन परिस्थितियों में अंपायर परीक्षा को टॉप करके अपने परिवार को खुशी का मौका दिया है.

विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के पवन हलवाने ने उन 26 उम्मीदवारों की सूची में सबसे आगे हैं. बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि परीक्षा पास करने वाले सभी लोगों को बीसीसीआई अंपायर पैनल में शामिल किया जाएगा. यह दूसरा मौका है जब विदर्भ के किसी व्यक्ति ने अंपायर की परीक्षा में टॉप किया है. इससे पहले नितिन पंडित 2008 की परीक्षा में ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति बने थे.

पवन की इस कामयाबी की हर जगह तारीफ हो रही है. यह अकोला जिले के लिए बड़े गर्व की बात है. उन्होंने लगातार बीस साल तक कड़ी मेहनत की और अब जाकर सफलता के शिखर पर पहुंचे. विदर्भ के अकोला जिले के लिए बहुत बड़ी बात है. इसके बाद पवन घरेलू क्रिकेट में अंपायरिंग के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे, जिससे वो अपने परिवार के लिए आर्थिक सहारा बन जाएंगे.

बता दें कि बीसीसीआई में अंपायरों के लिए कोई निश्चित वेतन नहीं है. हालांकि, बीसीसीआई उम्र, प्रमाणन और अनुभव आदि के आधार पर अंपायरों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटता है. रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू मैचों के लिए श्रेणी ए+ और ए के अंपायरों को प्रतिदिन 40,000 रुपये और श्रेणी बी और सी के अंपायरों को प्रतिदिन 30,000 रुपये का भुगतान किया जाता है.

अगर आपका अंपायर के तौर पर अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहता है, तो फिर आप बीसीसीआई की सिफारिश पर आईसीसी अंपायरों के पैनल में भी शामिल हो सकते हैं. जिनकी प्रति मैच फीस लाखों में होती है. अंपायर बनने के लिए जरूरी नहीं है कि आप क्रिकेट खेलें. लेकिन जरूरी है कि आपको क्रिकेट और उसके नियमों की पूरी समझ हो. इसके अलावा व्यक्ति में सहज निर्णय लेने की क्षमता, बेहतरीन संचार कौशल और शारीरिक रूप से फिट होना जरूरी है, क्योंकि अंपायर को पूरे मैच के दौरान खड़ा रहना होता है.

## वियान मुल्डर ने तोड़ा 67 साल पुराना रिकॉर्ड



नईदिल्ली,08 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, बुलावायो में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है. केशव महाराज के चोटिल होने के बाद टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे 27 वर्षीय वियान मुल्डर ने मैच में नाबाद 367 रनों की पारी खेलकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया.

मुल्डर अब टेस्ट में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड हाशिम आमला के नाम था, जिन्होंने 2012 में 311 बनाए थे. इसके अलावा वो एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज भी बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 2003 में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ ग्रीम स्मिथ ने अंजाम दिया था. उन्होंने एक मैच में कुल 362 (277 और 85) रन बनाए थे. इस बीच वियान मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट में विदेशी धरती पर सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के हनीफ मोहम्मद को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1958 में बारबाडोस में वेस्टइंडीज के खिलाफ 337 रनों की पारी खेली थी. विदेश धरती पर सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर करने के मामले में सर डॉन ब्रैडमैन अब पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं. उन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में 334 रनों की पारी खेली थी. मैच की बात करें तो टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में वियान मुल्डर नाबाद 367, बेडिंघम 82 और लुहान ड्रे प्रेटोरियस 78 की बदौलत 5 विकेट पर 626 रन बनाकर दूसरे दिन लंच के बाद घोषित कर दी. बता दें कि ये सीरीज नए डब्ल्यूटीसी 2027 चक्र का हिस्सा नहीं है. सीरीज के पहले मैच में जिम्बाब्वे को 328 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था. मुल्डर के और रिकॉर्ड के बारे में जानने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

## छोटी खबरें

### यूआईडीएआई ने जारी की नई डॉक्यूमेंट लिस्ट, अब इन दस्तावेजों से बनेगा और अपडेट होगा आपका आधार कार्ड

**नई दिल्ली ,08 जुलाई ।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड से जुड़े नियमों में एक महत्वपूर्ण अपडेट किया है। प्राधिकरण ने वर्ष 2025-26 के लिए आवश्यक दस्तावेजों की नई सूची जारी कर दी है। यह सूची नया आधार कार्ड बनवाने और पुराने कार्ड में किसी भी तरह की जानकारी को अपडेट कराने, दोनों ही प्रक्रियाओं पर लागू होगी। यदि आप नया आधार कार्ड बनवाने जा रहे हैं या अपने मौजूदा आधार में नाम, पता या जन्मतिथि जैसी कोई जानकारी बदलना चाहते हैं, तो आपको इन नए नियमों के तहत निर्धारित दस्तावेज जमा करने होंगे।

**किन लोगों पर लागू होंगे नए नियम ?**

द्वद्बस्रड्ड द्वारा जारी की गई यह अपडेटेड डॉक्यूमेंट लिस्ट निम्नलिखित लोगों के लिए अनिवार्य होगीः

? भारतीय नागरिक
? विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिक (कार्ड धारक)
? 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे
? लंबे समय के वीजा पर भारत में रह रहे लोग

आधार बनवाने या अपडेट के लिए इन चार प्रमाणों की होगी जरूरत

ने आधार से संबंधित किसी भी कार्य के लिए चार प्रमुख प्रमाणों को आधार बनाया है, जिनके लिए अलग-अलग दस्तावेज मान्य होंगेः

1. पहचान का प्रमाण आपकी पहचान और फोटो को प्रमाणित करने के लिए।
2. पते का प्रमाण आपके निवास स्थान की पुष्टि के लिए।
3. जन्म तिथि का प्रमाण जन्मतिथि को दर्ज कराने या सही कराने के लिए।
4. रिश्ते का प्रमाण परिवार के मुखिया के साथ संबंध स्थापित करने के लिए।

प्रमुख दस्तावेजों की सूची

5 पहचान प्रमाण के लिएः पासपोर्ट, पैन कार्ड (ई-पैन भी मान्य), वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी या पीएसयू द्वारा जारी फोटो, नरेगा जॉब कार्ड, पेंशनर कार्ड, कार्ड, या ट्रांसजेंडर कार्ड।

6 पते का प्रमाण के लिएः बिजली/पानी/गैस/लैंडलाइन का बिल (3 महीने से अधिक पुराना न हो), बैंक पासबुक या स्टेटमेंट, राशन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट, और राज्य/केंद्र सरकार द्वारा जारी आवास प्रमाण पत्र।

7 जन्मतिथि बदलवाने के लिएः स्कूल की मार्कशीट, पासपोर्ट, जन्मतिथि वाला पेंशन दस्तावेज, या राज्य/केंद्र सरकार द्वारा जारी जन्मतिथि का प्रमाण पत्र।

14 जून 2026 तक मुफ्त ऑनलाइन आधार अपडेट

ने नागरिकों को राहत देते हुए मुफ्त ऑनलाइन आधार अपडेट की सुविधा को 14 जून 2026 तक बढ़ा दिया है। आप पोर्टल पर जाकर अपने पहचान और पते से संबंधित दस्तावेजों को बिना किसी शुल्क के ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आप अपना अपडेटेड ई-आधार डाउनलोड कर सकते हैं।

### घर में पकाई वेज और नॉन वेज थाली जून में हुई सस्ती, सब्जियों के दाम घटने का दिखा असर

**नई दिल्ली ,08 जुलाई ।** जून में घर में पकाई जाने वाले शाकाहारी और मांसाहारी थालियों की कीमत में सालाना आधार पर क्रमशः 8 प्रतिशत और 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत में यह गिरावट सब्जियों की कीमतों के तेजी से घटने के कारण दर्ज की गई। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा, सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण जून में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थालियों की कीमत में सालाना आधार पर गिरावट आई है। विशेष रूप से टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर तेज गिरावट देखी गई। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, आने वाले महीनों में मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में तेजी आने के कारण थाली की लागत में क्रमिक रूप से वृद्धि की संभावना है। प्याज की कीमतों में मामूली वृद्धि होने की भी संभावना है, क्योंकि ताजा आवक नहीं हो रही है और संग्रहीत रबी स्टॉक को नियंत्रित तरीके से जारी किया जा रहा है।

## ------------------------ फिल्म/व्यापार------------------------

# बॉक्स ऑफिस पर मेट्रो इन दिनों ने किया कमाल, वीकएंड पर बढ़ी रफ्तार, 30 करोड़ रुपये के पार हुई काजोल की फिल्म मां




अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म मेट्रो...इन दिनों को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी शानदार प्रतिक्रिया मिली है। भले ही पहले दिन इसका बॉक्स ऑफिस पर जादू नहीं चला, लेकिन वीकेंड पर इसने अच्छी-खासी कमाई कर ली है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने तीसरे दिन दूसरे दिन से भी ज्यादा नोट बटोर लिए हैं। सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर जैसे कई कलाकारों से सजी यह फिल्म अब तक कितनी कमाई कर चुकी है, आइए जानते हैं। मेट्रो इन दिनो ने रिलीज के पहले दिन 4.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 6.85 करोड़ रुपये की कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेट्रो इन दिनो ने रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 7.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसी के साथ इस फिल्म की 3 दिनों की कुल कमाई अब 16.75 करोड़ रुपये हो गई है। इस फिल्म की लागत 85 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

फिल्म को अपनी लागत निकालने के लिए और अच्छी कमाई करनी होगी। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता ने भी अहम भूमिका निभाई है। अनुराग न सिर्फ फिल्म के निर्देशक, बल्कि इसके लेखक भी हैं। उन्होंने भूषण कुमार के साथ मिलकर फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी संभाला है। सिनेमाघरों में इसका मुकाबला काजोल की मां, सितारे जमीन पर और अक्षय कुमार की कन्नप्पा से हो रहा है।

मेट्रो इन दिनों अलग-अलग शहरों में रहने वाले अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों के प्यार की परतें खोलती है। इसकी कहानी मुंबई, पुणे, बेंगलुरू, दिल्ली और कोलकाता जैसे 4 शहरों में सफर करती है। इस म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म के गाने लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद मेट्रो... इन दिनों का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा। यह अगस्त, 2025 के मध्य तक ओटीटी पर दस्तक दे सकती है।

दूसरी ओर काजोल की फिल्म मां को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह फिल्म 27 जून को रिलीज हुई थी। दूसरे रविवार को यानी 10वें दिन इस फिल्म ने 30 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। 10वें दिन यानी रविवार को मां ने 2.35 करोड़ रुपये कमाए, जबकि 9वें दिन इसने 1.75 करोड़ रुपये कमाए थे। इसी के साथ भारत में फिल्म की कुल कमाई 31.60 करोड़ रुपये हो गई है।

बात अगर आमिर खान की अदाकारी वाली फिल्म सितारे जमीन पर की करें तो 20 जून को रिलीज होने वाली इस फिल्म ने अभी भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। ओपनिंग डे पर 10.7 करोड़ रुपये से अपना खाता खोलने वाली फिल्म ने पहले हफ्ते में 88.9 करोड़ रुपये का कारोबार किया तो दूसरे हफ्ते में 46.5 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने शनिवार को 4.75 करोड़ रुपये, तो वहीं रविवार को 6.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 148.80 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

## फुलेरा में अब होगा उप प्रधानी के लिए घमासान, मेकर्स ने 'पंचायत 5 का किया एलान

पिछले महीने 24 जून को पंचायत का चौथा सीजन अमेजन प्राइम पर रिलीज हुआ, जिसे दर्शक ढेर सारा प्यार दे रहे हैं। हालांकि, इस सीजन में मंजू देवी प्रधानी का चुनाव हार जाती हैं, जिसने दर्शकों को निराश कर दिया। अब सभी को इंतजार है कि इसके पांचवे सीजन में क्या होगा। इस बेसब्री को देखते हुए पंचायत के निमार्ताओं ने इसके पाचंवे सीजन का एलान कर दिया है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगा इसका नया सीजन। पंचायत के मेकर्स ने पांचवे सीजन का आधिकारिक एलान करते हुए नए सीजन का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इस पोस्टर में देखा जा सकता है कि इस बार कहानी में नया मोड़ आने वाला है, जिसमें उप प्रधानी की जंग होने की पूरी संभावना है। पोस्टर के अनुसार बिनोद कुर्सी पर बैठा दिख रहा है और सभी उसे अपनी ओर खींच रहे हैं। यह एक मजेदार दृश्य दिखा रहा है।

पंचायत के निमार्ताओं ने नए सीजन का पोस्टर जारी करते हुए बताया कि फुलेरा में वापस आने की तैयारी शुरू कर लीजिए। नया सीजन बहुत जल्द आने वाला है। आपको बताते चलें कि पंचायत 5 अगले साल 2026 में रिलीज होगी, जिसे अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, निमार्ताओं ने अभी आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं की है।

पंचायत के 5वें सीजन का एलान होते ही नेटिजंस खुशी से झूम उठे हैं। एक यूजर ने कहा कि अभी तक की सबसे अच्छी खबर। दूसरे यूजर ने बोला कि अब होगा असली खेल बनराकस प्रधान और सचिव जी के बीच। वहीं एक यूजर ने कमेंट किया कि 2026 में कब आएगा। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने सीरीज का ही डायलॉग बोलते हुए कहा कि अरे ससुर, इतना लेट क्यों।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील की खबरों के बीच भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में कर रहा कारोबार



**मुंबई ,08 जुलाई ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा कि है कि भारत के साथ जल्द ट्रेड डील हो सकती है इस बीच मंगलवार को शुरूआती कारोबार में घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे, सेंसेक्स 91.57 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 83,534.07 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 22.25 अंक या 0.09 प्रतिशत बढ़कर 25,483.55 पर कारोबार कर रहा था। शुरूआती कारोबार में आईटी, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। विश्लेषकों के अनुसार, 14 देशों पर टैरिफ लगने और भारत को सूची से बाहर करने से संकेत मिलता है कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौते की घोषणा की जाएगी। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, इसे बाजार द्वारा पहले ही काफी हद तक छूट दी जा चुकी है; फार्मास्यूटिकल्स जैसे सेगमेंट पर संभावित सेक्टोरल टैरिफ की डिटेल्स हैं। मार्केट रिएक्शन इन डिटेल्स पर निर्भर करेगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में निफ्टी थोड़ा ऊपर बंद हुआ और पिछले सत्र से बुलिश हैमर पैटर्न को फॉलो करते हुए एक ग्रीन कैंडलस्टिक बनाई।

चॉइस ब्रोकिंग के तकनीकी विश्लेषक मंदार भोजने ने कहा, 25,500 स्तर से ऊपर की निरंतर चाल 25,750 की ओर आगे की रैली का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। नीचे की ओर, तत्काल समर्थन स्तर 25,222 और 25,120 पर देखे जा रहे हैं, जो लॉन्ग पॉजिशन के लिए संभावित एंट्री पॉइंट के रूप में काम कर सकते हैं।

शुरूआती कारोबार में निफ्टी बैंक 203 अंक या 0.36 प्रतिशत बढ़कर 57,152.20 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 91 अंक या 0.15 प्रतिशत जोड़कर 59,606.75 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 85.70 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 19,035.85 पर था।

इस बीच, सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, टाटा मोटर्स, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स रहे। जबकि टाइटन, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, एमएंडएम और सन फार्मा टॉप लूजर्स रहे। संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 7 जुलाई को 321.16 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी उसी दिन 1,853.39 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। एशियाई बाजारों में, सोल, हांगकांग, जापान, चीन और जकार्ता हरे रंग में कारोबार कर रहे थे, जबकि केवल बैंकॉक लाल रंग में कारोबार कर रहा था।

अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में, डॉव जोन्स 422.17 अंक या 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,406.36 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 49.37 अंक या 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,229.98 पर बंद हुआ और नैस्डैक 188.59 अंक या 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20,412.52 पर बंद हुआ।

## 3 महीने के अंदर कांग्रेस के बूथ, जिला, मंडल व ब्लॉक में दिखेगा बदलाव - बैज



**रायपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता में हुई सोमवार को हुई पीसीसी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 3 महीने के अंदर कांग्रेस के बूथ, जिला, मंडल व ब्लॉक में बदलाव दिखेगा और इस पर कल चर्चा हुई है। बैज ने कहा कि उदयपुर अधिवेशन के हिसाब से निचले स्तर से बदलाव होगा। ओबीसी, एसटी, एससी पर खास ध्यान दिया जाएगा, साथ ही साय सरकार की नाकामी के खिलाफ रोड मैप भी तैयार किया है।

### न्यूज गैलरी

## इमरजेंसी लैडिंग.. इंदौर-रायपुर इंडिगो के विमान में आई तकनीकी खराबी




**रायपुर।** इंडिगो की इंदौर रायपुर नियमित विमान को इमरजेंसी लैंडिंग लेनी पड़ी। सुबह 6.30 बजे इंदौर से उड़ान भरने के बाद रायपुर के रास्ते आधे घंटे बाद विमान को वापस लौटना पड़ा। विमान में तकनीकी खराबी का अलार्म मिलने के बाद पायलट ने इंदौर में लैडिंग का फैसला तत्काल किया। 7.30 बजे विमान सुरक्षित इंदौर में उतरा जहां उसकी तकनीकी जांच चल रही है। विमान समेत सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि विमान से उतारे जाने के बाद यात्री काफी घबराए हुए थे।

## हेमचंद यादव विवि की वेबसाइड हैक, 15 मिनट में हुआ रिस्टोर




**दुर्ग।** दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट को कल देर रात अज्ञात हैकर्स ने हैक कर लिया और कुछ समय के लिए अंग्रेजी में अपशब्दों भरा एक मैसेज भी दिखाई दिया। इस मैसेज में धमकी दी गई थी कि अगली बार अगर तुमने हमारी सीमाओं या साइबर स्पेस पर हमला करने की कोशिश की, तो हम तुम्हें ऐसी... (अपशब्द) का प्रयोग किया गया। हालांकि कुछ ही देर में वेबसाइट सामान्य स्थिति में आ गई। हेमचंद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने बताया कि वेबसाइट हैंग हो गया था। हमने शटडाउन करके उसे तुरंत 15 मिनट के अंदर रिस्टोर कर लिया है। वेबसाइट की हैक करने की जिमेदारी पाकिस्तान के हैकिंग समूह एचओएएक्स 1137 ने ली है। हैकर्स ने अपना सिग्नेचर मोनो भी वेबसाइट के होमपेज पर छोड़ दिया। मैसेज में लिखा कि, भारत अगर अगली बार पाकिस्तान के बॉर्डर में घुसा या पाकिस्तान की साइबर फैसेलिटी में सेंध लगाने की कोशिश की तो यह हैकर्स और भी अधिक नुकसान पहुंचाएंगे। इस हैकर्स समूह ने हेमचंद विश्वविद्यालय के पेज पर कई गालियां और अपशब्द भी लिखे।


## छत्तीसगढ़ लबालब...झमाझम बारिश




**रायपुर।** समूचे छत्तीसगढ़ में जमकर बारिश हो रही है, मंगलवार सुबह से जिस प्रकार झमाझम चल रहा है लोग अपने घरों में दुबक गए हैं। कल के हालात को देखकर आज सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। शहरी ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी नदी नालों के साथ खेत खलिहान सब लबालब हो गया है। कई जगहों पर घरों में पानी घुस गए हैं तो कहीं पर सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा हुआ है। अमला बेबस नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने आज भी प्रायः हर जिलें में बारिश होने की संभावना व्यक्त कर दी है। तीन दिन से तो यही हाल है, अब लोग अंदाजा लगा रहे हैं कब खुलेगा मौसम। अभी 10 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है फिर कहीं बरस गए तो मुश्किल और बढ़ जायेगी। कई शहरों में जल भराव की स्थिति से लोग निगम व पालिका की नाकामियों पर गुस्सा उतार रहे हैं। अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में अंबिकापुर में 172.8 मिमी, बिलासपुर में 77.5 मिमी, पेंड्रारोड में 27.6 मिमी और रायपुर के माना एयरोड्रम पर 15.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को जब तक सीबीआई से क्लीन चिट नहीं मिलती है बंद रखा जाए

### सिविल सोसाइटी की ओर से पत्र लिखकर राज्यपाल-मुख्यमंत्री से की गई मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। इस संबंध में सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी (एमडी, डीएम) ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। डॉ. सोलंकी ने कहा कि रावतपुरा मेडिकल कॉलेज में हुए गंभीर अनियमितताओं से न केवल प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और इसकी सच्चाई सामने लाने की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी की ओर से पत्र में तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं- 1. कॉलेज को तुरंत बंद किया जाए - जब तक कॉलेज को सीबीआई से क्लीन चिट नहीं मिलती, तब तक इसे बंद रखा जाए। 2. छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जाए - एमबीबीएस के 150 छात्रों को पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से अन्य निजी मेडिकल कॉलेजों में ट्रांसफर किया जाए। इसके लिए एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) के दिशा-निदेर्शों का पालन किया जा सकता है। 3. अन्य पाठ्यक्रमों की भी जांच हो - रावतपुरा सरकार ट्रस्ट द्वारा संचालित नर्सिंग, फामेर्सी और अन्य कोर्सेज की भी ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) से जांच कराई जाए। यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो संबंधित संस्थानों को भी बंद कर छात्रों को अन्य संस्थानों में समाहित किया जाए। सिविल सोसाइटी ने चेताया है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र और उनके अभिभावक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राज्य सरकार से मांग की गई है कि वह छात्रों के भविष्य और चिकित्सा शिक्षा की साख को ध्यान में रखते हुए त्वरित और निष्पक्ष निर्णय ले।

# कृषि विभाग द्वारा नवीन कृषि उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश जारी

### 00 योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा, 00 राज्य सरकार ने कृषि में पर्याप्त निवेश और कास्त लागत में राहत देने प्रारंभ किये हैं कृषि उन्नति योजना, 00 प्रदेश के सभी कलेक्टरों, संभाग आयुक्तों, संचालकों, प्रबंध संचालकों एवं पंजीयक सहाकारी संस्थाएं को जारी किया पत्र

**रायपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों की चिंता करते हुए कृषि उन्नति योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मंत्रालय महानदी स्थित कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों, संभाग आयुक्तों, संचालकों, प्रबंध संचालकों एवं पंजीयक सहाकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र लिखकर कृषि उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश किए गए हैं। नवीन दिशा-निदेर्शों के आधार पर योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा। मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, फलस्वरुप कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते।




राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिये कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल हेतु पंजीयन कराया गया हो।

पत्र में कहा गया कि विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट/मण्डल/प्राईवेट लिमि. समिति/केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान / महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी। जो कृषक प्रमाणित धान बीज उत्पादन कार्यक्रम लेते हैं और सामान्य धान भी सहकारी समितियों में विक्रय करते हैं, उनके द्वारा कुल विक्रय की जाने वाली धान की मात्रा, उनके कुल धारित रकबे की सीमा से अधिक नहीं होना चाहिये, इसे छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा आपसी समन्वय से सुनिश्चित किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधानों के अध्याधीन किया जाएगा। पत्र में कहा गया कि कृषकों को भुगतान योजनांतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से की जाएगी। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति/छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि, (बीज निगम) को धान/धान बीज का विक्रय करने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि का निर्धारण गिरदावरी में सत्यापित रकबे, उपरोक्त संस्थाओं को विक्रय धान/धान बीज की मात्रा तथा भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित किए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर प्रतिवर्ष पृथक से किया जाएगा। खरीफ 2025 में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर, धान (कॉमन) पर राशि रू. 731 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रुपए. 15351 प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि रुपए. 711 प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रुपए. 14931 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाया हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें, धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर 11000 रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि रुपए 10000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। पंजीकृत कृषकों द्वारा खरीफ मौसम में सहकारी समितियों में विक्रय किये गये धान पर निर्धारित आदान सहायता राशि का कृषकों को वितरण छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. द्वारा किया जाएगा तथा आदान सहायता राशि के व्यय से संबंधित विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण का दायित्व भी प्रबंध संचालक छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. का होगा। बीज उत्पादक कृषकों द्वारा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमिटेड को विक्रय किये गये धान बीज पर निर्धारित आदान सहायता राशि की कृषकवार मांग का विवरण बीज निगम द्वारा संचालक कृषि को प्रेषित किया जाएगा। संचालक कृषि द्वारा मांग अनुसार राशि छत्तीसगढ़ निगम लिमिटेड को उपलब्ध कराई जाएगी। बीज उत्पादक कृषकों से उपार्जित धान बीज पर प्रदायित आदान सहायता राशि के विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण का दायित्व प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि. होगा।

फसलों हेतु गिरदावरी/सत्यापन के आधार पर पात्रतानुसार आदान सहायता राशि का वितरण संचालक कृषि के द्वारा किया जाएगा तथा आदान सहायता राशि के व्यय से संबंधित विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण का दायित्व संचालक कृषि का होगा। प्रबंध संचालक छत्तीसगढ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. तथा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि. यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर संचालक कृषि को प्रेषित किया जाए। कृषकों को पात्रता अनुसार आदान सहायता राशि का एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित करने की जवाबदारी खाद्य विभाग एवं संचालक कृषि की होगी, उनके द्वारा नियमित रुप से योजना क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के संचालक मंडल की बैठक में मजदूर हितों के अनेक फैसले, नई योजनाओं की घोषणा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा के अध्यक्षीय कार्यकाल के संचालक मंडल की बैठक में संपन्न हुई, जिसमें मजदूर हितों के अनेक क्रांतिकारी फैसले लिए गए तथा नई योजनाओं के क्रियान्वयन की भी घोषणा की गई। मंडल की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के क्रियाकलापों एवं प्रशासनिक कार्यों के संपादन पर हुए आय-व्यय का अनुमोदन लिया गया तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मंडल की बैठक में मजदूर हितों के लिए राज्य शासन से अनुमोदित अनुमानित आय-व्यय का अनुमोदन भी प्राप्त किया गया। मंडल की बैठक में मंडल द्वारा संचालित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए 12 नए पदों का सृजन कर शासन से अनुमति मांगी गई। इसी प्रकार कर्मचारियों के वेतन में भी वृद्धि का निर्णय लिया गया। इसी तहर मंडल को प्राप्त होने वाली आय के अभिदाय दर में वृद्धि का भी प्रस्ताव परित किया गया। मंडल द्वारा मंडल में पंजीकृत मजदूर परिवार के बच्चों को रियायती दर पर कॉपी वितरण की नई योजना प्रारंभ करने की भी घोषणा की गई। साथ ही साथ निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत श्रमिक के परिजनों को कोचिंग देकर उन्हें शासकीय नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करने का भी निर्णय लिया गया। मंडल के अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा ने मंडल की आय बढ़ाने तथा श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी फैसले की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि जिस तरह से असंगठित क्षेत्र के बोर्ड में श्रमिकों का पंजीयन खुला हुआ है। उसी तरह से श्रम कल्याण मंडल में भी मजदूरों के पंजीयन की प्रक्रिया को ओपन किया जाए। जिस पर संचालक मंडल के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे और अंततः यह निर्णय लिया गया कि अब मजदूरों को मंडल में सीधे पंजीयन देने की व्यवस्था की जाए, इस हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया। मंडल के अध्यक्ष ने श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित सस्ते दर पर भोजन केन्द्रों को संचालित की जा रही है। योजना को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि श्रम कानूनों के तहत इन भोजन केन्द्रों का संचालन नियोजकों को किया जाना है, किन्तु इसका संचालन श्रम कल्याण मंडल कर रहा है। जो व्यावहारिक नहीं, गैर कानूनी भी है। इसमें मंडल के कल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा भोजन मद में व्यय हो रहा है। जिससे कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में रूकावटें आ रही हैं। अतः मंडल ने इस संदर्भ में प्रस्ताव पारित कर राज्य शासन से आग्रह किया है कि यह योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए ही उपयोगी है। श्रम कल्याण मंडल में इस योजना का संचालन करना अब संभव नहीं है। अतः इस योजना को बंद करने की अनुमति दी जाए। बैठक में मंडल के उपाध्यक्ष श्री केशव बंटी हरमुख, अपर श्रमायुक्त सह प्रभारी श्रमायुक्त श्री एस.एल. जांगड़े, मंडल के सदस्य श्री मंगलमूर्ति अग्रवाल, श्री आलोक मिश्रा, श्री हरप्रसाद साहू, श्री मदन तालेड़ा, श्री नरेश गड़पाल, श्री कृष्णा दुबे, श्री सुरेश मसीह समेत मंडल कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के कल्याण आयुक्त श्री अजितेश पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## श्रम कल्याण केन्द्रों का होगा उन्नयन, श्रमकल्याण मंडल के अध्यक्ष मिश्रा ने ली बैठक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत प्रदेश भर में 20 श्रम कल्याण केन्द्रों का विभिन्न औद्योगिक जिलों में संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों के माध्यम से श्रम मंडल में पंजीकृत मजदूरों के परिवार के महिला सदस्यों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक हजारों श्रमिक परिवार की महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया है। श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने इन कल्याण केन्द्रों का संचालन कर रही कर्मचारियों की एक बैठक लेकर केन्द्रों की समीक्षा की। प्रत्येक केन्द्र के संचालन करने वाले कर्मचारियों से रूबरू होकर उनके दुःख-तकलीफ को जाना, समस्याओं से अवगत हुए और इन केन्द्रों का भविष्य में किस तरह बेहतर ढंग से संचालित किया जाए, इसके उपाय बताए। बैठक को संबोधित करते हुए कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल का जिलों में संचालित ये श्रम कल्याण केन्द्र मॉडल है, इन्हें और उन्नत और विकसित किया जाएगा। सिलाई-कढ़ाई-बुनाई के अलावा और दूसरी अन्य रोजगार मूलक शिक्षा देकर उन्हें रोजगार से जोड? का प्रयत्न किया जाएगा। उन्होंने अपनी घोषणा में श्रम कल्याण केन्द्रों का संचालन कर रही महिलाओं के वेतन वृद्धि की घोषणा करते हुए कहा कि इन केन्द्रों का बेहतर ढंग से संचालन करें। लोगों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दें, ताकि वे अपना रोजगार स्वयं प्रारंभ करे सकें और अपने परिवार की आय वृद्धि करने में समर्थ हों। बैठक के प्रारंभ में श्रम कल्याण केन्द्रों की प्रभारी श्रीमती मोनिका मिश्रा ने मंडल के अध्यक्ष का उपस्थित कर्मचारियों से परिचय कराया। कर्मचारीगणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। फिर सभी की बैठक ली गई। इस दौरान मंडल के कमिश्नर श्री अजितेश पाण्डेय जी, एवं अन्य मंडल कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन हेतु शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

### 00 राजधानी रायपुर में होगा मुख्य समारोह, मुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण एवं जनता के नाम संदेश का प्रसारण




**रायपुर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को प्रदेशभर में गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में बीते दिनों राज्य स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया जाए। राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा। रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., सी.आई. एस.एफ., आई.टी.बी.पी., एस.एस.बी., छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एन.सी.सी. कैडेट्स आदि की टुकडि?ँ सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके लिए विभागों को जूरी गठित कर 29 जुलाई 2025 तक चयनित नामों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाना होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री मुख्य समारोह में जनता के नाम संदेश देंगे। यह संदेश दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्रसारित किया जाएगा। मुख्य समारोह पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है। प्रदेश के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों पर 15 अगस्त की रात प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। निजी संस्थानों से भी ध्वजारोहण एवं रोशनी करने की अपील की गयी है। जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों और प्रदर्शनी के आयोजन हेतु कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।

## राष्ट्रपति मुर्मु से राज्यपाल डेका ने की सौजन्य भेंट




**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य भेंट की।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा,Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com

KJ
स्थापना - 1928
मानक पथप्रदर्शक 100% Hallmark Jewellery
कंचन ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का विशाल संग्रह
सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़)
फोन - 07774-222309

सरगुजा संभाग
# अम्बिकावाणी
■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर



सज्जनता की परीक्षा आपके व्यवहार से होती है।

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक- 10

■ अधिकारी ई-ऑफिस का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित..... जयवर्धन- 12

# मैनपाट में नड्डा ने ली मंत्री-सांसद-विधायकों की क्लास... राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- न आए भ्रष्टाचार की शिकायत

## योग करते दिखे सीएम, शिवराज भी पहुंचे, देखा उल्टा पानी

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा जिले के मैनपाट में भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत योग अभ्यास से हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, सभी मंत्री और सांसद-विधायक योग करते दिखाई दिए। फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए योग टीचर नेताओं को टिप्स देते रहे और उन्हें सुनकर सभी योग पॉश्चर्स को फॉलो करते दिखाई दिए। आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मैनपाट पहुंचे हैं।

पहले दिन सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेताओं की क्लास ली। इस प्रशिक्षण शिविर में विधायक और सांसदों को बुलाया गया है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को संगठन के नेता सरकार में रहकर कामकाज के तौर तरीकों पर अपने अनुभव बता रहे हैं। पहले दिन की नड्डा की क्लास में नेताओं को जनता से जुड़कर रहने और किसी भी सूरत में भ्रष्टाचार के मामलों में न पड़ने की नसीहत मिली।








भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बंद कमरे में सभी नेताओं से बातचीत की। जहां नड्डा बोल रहे थे वहां मोबाइल फोन ले जाने की किसी को अनुमति नहीं थी। सभी सांसद, विधायक और मंत्रियों के मोबाइल फोन बाहर ही जमा करवा लिए गए। इसके बाद शुरू हुई क्लास, भीतर मौजूद सूत्रों ने बताया कि नड्डा ने सांसद विधायकों को कड़ी नसीहत दी। जेपी नड्डा ने कहा कि- व्यवहार ऐसा हो की जब जनता के बीच जाए तो शर्मिंदगी महसूस न हो। जनता के बीच अपने आप को बड़ा महसूस न होने दें क्योंकि जनता बड़ी है। ग्राउंड पर रहें, साधारण बन कर रहें ।मीडिया में सोच समझ कर बयान दीजिए। कोई ऐसा बयान न दें जिससे पार्टी की छवि पर बुरा असर हो। किसी भी विषय पर अनावश्यक टिप्पणी करने से बचें, किसी तरह की भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं हो ये ध्यान रखें। नड्डा ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के कमलेश्वरपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पेड़ लगाया। उसके बाद छत्तीसगढ़ भाजपा के सांसदों और विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन

### भाजपा कार्यकताओं क्रिकेट प्लेयर की तरह अभ्यास करने वाला.. कांग्रेस भ्रष्टाचार के लिए समर्पण-नितिन नबीन

मैनपाट में जारी भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, विनोद तावड़े व बीएल संतोष शामिल हुए। इन्होंने छत्तीसगढ़ के सांसद व विधायकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र के बाद नितिन नबीन ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए। अभ्यास सत्र के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता निरंतर इन



चीजों का अभ्यास करता है। भाजपा कार्यकताओं को उन्हें क्रिकेट प्लेयर की तरह अभ्यास करने वाला तो कांग्रेस को भ्रष्टाचार के लिए समर्पण व संकल्प का अभ्यास करने वाला बताया।भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता निरंतर समय पर इन सब चीजों का अभ्यास करता है। कोई भी खिलाड़ी जो पिच पर होता है, मैच खेलता है, वह हर सुबह अभ्यास करता है। वह इसलिए अभ्यास करता है ताकि वह और बेहतर कर सके।ऐसा नहीं है कि वह खेलना नहीं जानता है।

सचिन तेंदुलकर जैसे प्लेयर को भी हर दिन अभ्यास में जाना पड़ता है। कहीं न कहीं हमारे खिलाड़ी (विधायक और सांसद) और बेहतर करे, इसलिए अभ्यास कर रहे हैं। कांग्रेस को प्लेयर मानते हैं या नहीं, के सवाल पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से ही पूछ लिया कि आप उन्हें क्या मानते हैं?

### सरगुजिया पगड़ी और स्टूडेंट्स की तरह लाइन में नेताजी

छत्तीसगढ़ के तमाम मंत्री विधायक और सांसद मैनपाट में चल रहे इस प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस दौरान सभी किसी स्टूडेंट की तरह अनुशासन में दिखाई दिए। सभी को सफेद और सुर्ख लाल रंग के कॉम्बिनेशन में तैयार की गई सरगुजिया पगड़ी पहनाई गई। इस तरह के रंगों के गमछे सरगुजा के आदिवासी धारण करते हैं। वैसी ही पगड़ी सभी नेताओं के सिर पर थी। एक मौका ऐसा भी आया जब प्रशिक्षण शिविर की जगह पर सभी एक लाइन एक कतार में ग्रुप फोटो सेशन करते दिखे जैसे स्कूलों में स्टूडेंट्स करवाते हैं।

### अमित शाह का दौरा स्थगित

मैनपाट भाजपा के चिंतन शिविर में ९ जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन प्रस्तावित था। भाजपा का चिंतन शिविर का आज दूसरा दिन था। तीसरे दिन समापन कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह आने वाले थे परंतु उनका दौरा स्थगित हो गया है।

### देशव्यापी आम हड़ताल का आयोजन आज

**अम्बिकापुर ।** छत्तीसगढ़ सेल्स प्रोमोशन एम्पलॉइज यूनियन अम्बिकापुर इकाई द्वारा केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर केंद्र और राज्य सरकार की मजदूर विरोधी, जनविरोधी, किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आम हड़ताल का आयोजन ०९ जुलाई को एसबीआई कलेक्टोरेट, के सामने अम्बिकापुर में धरना एवम्‌ आम सभा का आयोजन दोपहर १ बजे से २:३० बजे तक किया गया है। इसके बाद रैली का आयोजन दोपहर ३ बजे से ४:३० बजे तक किया जाएगा। रैली शहर के मध्य से होती हुई महामाया चौक, जयस्तंभ चौक से होते हुए ब्रम्ह रोड से होके धरनास्थल पर समाप्त होगी।

# नदी में उफान...पांच बच्चों ने दूसरे गांव में बिताई रात

## नदी में पुलिया नहीं, बारिश में जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं ग्रामीण

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा के दूरस्थ ग्राम पंचायत घाटबर्रा के परोगिया में स्कूल गए पांच बच्चे सोमवार को नदी में बाढ़ आ जाने के कारण फंस गए। बच्चों को एक ग्रामीण ने शरण दी और बच्चों ने ग्रामीण के घर ही रात गुजारी। सुबह नदी का जल स्तर कम हुआ तो बच्चे वापस अपने गांव पहुंचे। यहां नदी पार २० ग्रामीण परिवार रहते हैं। मामला उदयपुर ब्लॉक का है।

जानकारी के मुताबिक, घाटबर्रा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम




परोगिया के स्कूल में पढ़ने के लिए छुरीपारा से पांच बच्चे सोमवार को स्कूल पहुंचे थे। सोमवार को मैनपाट, लखनपुर एवं उदयपुर क्षेत्र में दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। बच्चों के स्कूल की छुट्टी हुई तो वे वापस घर जाने के लिए निकले। परोगिया व छुरीपारा के बीच बहने वाली बाघ हाथ नदी में तब तक बाढ़ आ गई थी एवं करीब ५ फुट पानी बह रहा था। बच्चे काफी देर तक पानी कम होने का इंतजार करते रहे, लेकिन लगातार बारिश के कारण बाढ़ का पानी कम नहीं हुआ तो शाम ५.३० बजे बच्चों को परोगिया निवासी ग्रामीण केंदा राम अपने घर ले गया। ग्रामीण ने बच्चां को खाना खिलाया और रात को अपने घर में सुलाया। सुबह जब नदी का जल स्तर कम हुआ तो बच्चे अपने घर वापस पहुंचे।

### सालों से मांग, नहीं बनी पुलिया

परोगिया के छुरीपारा में २० ग्रामीण परिवार निवास करते हैं। छुरीपारा व परोगिया के बीच बहने वाली बाघ हाथ नदी में सालों से पुलिया बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन पुलिया नहीं बन सकी। ग्रामीण संतराम ने बताया कि बरसात के दिनों में इस पहाड़ी नदी में अचानक बाढ़ आ जाती है। कई बार ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। पहुंचविहीन हो जाने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। राशन दुकान जाने व ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए लोगों को यह नदी पार करनी पड़ती है। बारिश के मौसम में कई बार बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते हैं, क्योंकि नदी में पानी ज्यादा होता है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
प्रतिदिन उपलब्ध . . .
कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता
MBBS, MD (Radiation Oncologist)
Clinical Oncologist &
Chemotherapy Specialist



कैंसर के संकेत
+ शरीर के किसी अंक में असामान्य सूजन या कड़ापन
+ तिल, मस्से के आकार या रंग में परिवर्तन।
+ ना भरने वाले घाव (नासूर)
+ लगातार बुखार या वजन में कमी
+ 4 हफ्ते से अधिक समय तक अकारण दर्द या टीस
+ तीन सप्ताह से अधिक समय तक मुँह या जीभ पर घाव
+ भोजन निगलने में लगातार असुविधा बदहजमी
+ मूत्र विसर्जन में कठिनाई
+ मुत्र में रक्तस्राव
+ 3 सप्ताह से अधिक लगातार खाँसी या आवाज कर्कश होना
+ स्तन में सूजन अथवा कड़ापन या खिचाव
+ शौच मे रक्तस्राव
+ असामान्य रक्त प्रवाह
+ 4, 5 सप्ताह या ज्यादा समय तक बार बार पतले दस्त होना
नोट :- आयुष्मान कार्ड से किमोथेरेपी लगवाने की सुविधा उपलब्ध



सोमवार से शुक्रवार
दोपहर 02 बजे से शाम 06 बजे तक उपलब्ध
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090

# अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर निकले हर वर्ग के लोग... निकाली रैली

## सरगुजा रेल संघर्ष समिति ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल कर इसका जल्द निर्माण प्रारंभ करने की मांग की

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा रेल संघर्ष समिति ने अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग को लेकर महामाया चौक अंबिकापुर से घड़ी चौक तक पदयात्रा की एवं कलेक्ट्रेट में रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कर अंबिकापुर रेणुकूट रेल मार्ग की मांग आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल कर, इसका जल्द निर्माण प्रारंभ करने की मांग की।

आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति ने महामाया चौक से चैंबर ऑफ कॉमर्स,कैट सहित व्यापारिक संगठनों,अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों के साथ अंबिकापुर रेणुकूट रेल निर्माण की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए शहर के मुख्य मार्ग देवीगंज रोड होकर घड़ी चौक तक पदयात्रा निकाला। इस कार्यक्रम के दौरान व्यापारी बंधुओ और आम नागरिकों को अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन के महत्व से संबंधित तथ्यों के साथ पंपलेट वितरण भी किया गया। अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट अक्टूबर २०२३ में रेलवे बोर्ड को जमा कर दिया गया है।इस प्रस्तावित रेल लाइन को आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में शामिल करने के लिए रेल संघर्ष समिति चरणबद्ध कार्यक्रम संचालित कर रही है। अंबिकापुर रेणुकूट रेल






लाइन निर्माण की मांग को लेकर लोगों में जन समर्थन और उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। पदयात्रा में कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री गोपाल अग्रवाल, व्यापारी संगठन कैट के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज तिवारी, जनार्दन त्रिपाठी, अयोध्या हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत श्री वेदांती महाराज जी, अभिषेक सिंह, कांत दुबे, मंगल पांडेय, प्रभुनारायण वर्मा, अजय तिवारी, कैलाश मिश्रा, कान्हा अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अमित बंसल, ऋषि अग्रवाल, अनंगपाल दीक्षित, विजय सोनी, शिवेश सिंह, प्रकाश साहू, जितेंद्र सिंह, विनीत सेठी, मुकेश तिवारी, वेदांत तिवारी, नगीना सिंह, परमानंद तिवारी, दीपक गर्ग, सुजीत सिंह, रमेश द्विवेदी, प्रियेश अग्रहरि, राहुल त्रिपाठी, अंचल ओझा, दिनेश तिवारी, निशिकांत भगत, सुभाष गुप्ता, पंकज चौधरी, राकेश शुक्ला, राघवेंद्र सिंह, प्रदीप शुक्ला, विमलेश त्रिपाठी, सक्षम गुप्ता, मनीषा सिंह, हनी गुप्ता, पूजा पांडेय, शुभांसी पात्रा, उज्वल तिवारी, मनोज भारती, कैलाश ठाकुर, रवि तिवारी, योगेश सोनी, संजय सोनी, शुभम जायसवाल, अंशुल सिंह, विवेक श्रीवास, शिवराज सिंह, राहुल गुप्ता, अमन श्रीवास्तव, मुकेश दुबे, सुनील साहू, समित मुंडा, रमेश साहू , निशांत जायसवाल, नीरज साहू, नितेश, संदीप दास, उदय साहू, विक्की साहू, राहुल साहू, ननकु मुंडा , लाला साहू, विशाल साहू, अनिल तिवारी, रामकुमार सिंह, अनिरुद्ध मिश्रा, मो एहसान, राहुल वर्मा, मोतीलाल राजवाड़े, दिलीप पटेल, चंद्रकांत साहू, पंकज सिंह, संतोष देवांगन, संजय गौतम, दशरथ कश्यप, प्रीतम सिंह, संदीप गुप्ता सहित अनेक लोग शामिल हुए ।

# माता राजमोहिनी जयंती पर जनजाति गौरव समाज ने किया रक्तदान व जागरूकता कार्यक्रम

## जनजाति गौरव समाज ने मनाई माता राजमोहिनी जयंती, संस्कृति संरक्षण पर जोर

**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जनजाति गौरव समाज, पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, और शासकीय मेडिकल कॉलेज, अंबिकापुर के संयुक्त तत्वावधान में माता राजमोहिनी देवी की जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, और माता राजमोहिनी देवी के चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।
जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने माता राजमोहिनी देवी और समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था के महामंत्री अमित सिंह मरावी ने माताजी के नशा मुक्ति, धर्मांतरण रोकथाम, छुआछूत उन्मूलन, शिक्षा, जल प्रबंधन, सनातन धर्म, संस्कृति, और परंपराओं के संरक्षण हेतु गाँव-गाँव पदयात्रा कर समाज को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया।
सरगुजा विश्वविद्यालय की कुलसचिव एस.पी. त्रिपाठी ने प्राचीन शिक्षा पद्धति, जड़ी-बूटी



चिकित्सा, और जनजाति परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह अजय मिश्रा ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ जनजाति समाज के उत्थान की बात कही। डॉ. बी.आर. सिंह ने सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वास, और वैज्ञानिक युग में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति पर बल दिया। जनजाति गौरव समाज के संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम ने विदेशी संगठनों द्वारा समाज को बाँटने के षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने और शिक्षा, स्वास्थ्य, व आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज प्राचीन काल से सनातन समाज का अभिन्न अंग रहा है।
कार्यक्रम का संचालन धर्म सिंह मरावी ने किया, और आभार प्रदर्शन जनजाति गौरव समाज के जिला सचिव उपेंद्र सिंह उरकेरा ने किया।
उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में जनजाति गौरव समाज के जिला अध्यक्ष बिहारी तिर्की,त्रिलोक कपूर कुशवाहा , राज बहादुर सिंह, अनामिका पैकरा, शशि कला भगत, रघुवीर भगत, एके श्रीवास्तव, अधीक्षक जगदीश प्रसाद सिंह, नरेंद्र सिंह, विक्रम सोनी, कुणाल बाबरा, कमला प्रसाद सिंह, दिनेश पाल, चंद्रभूषण गुप्ता, गोविंद राम उईके, रमेश पैकरा, पूरन सिंह टेकाम, और लैब इंचार्ज जगरानी कुजूर शामिल थे।
रक्तदान शिविर में बिहारी तिर्की, दिनेश पावले, चंद्रभूषण सिंह, हिमांशु सिंह, विकास ठाकुर, रोबिन कुमार चौहान, श्वेता जायसवाल, दिनेश सिंह, विवेक सिंह, दीपक लाल, ब्रह्म सिंह, उपेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, और यशवंत प्रजापति ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# खबर के बाद बाधित आवागमन हुआ सुगम, विभाग ने दिखाई तत्परता, दर्जनों गांव के लोगों ने ली राहत की सांस



9 महीने में पूर्ण हो जाना था चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण का कार्य...36 महीने में भी पूर्ण नहीं हो सका



**रामानुजगंज (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जल संसाधन विभाग संभाग रामानुजगंज के अंतर्गत नहर निर्माण का कार्य के लिए महावीरगंज चिनिया मुख्य डामरीकृत मार्ग को ठेकेदार के द्वारा खोद कर बहुत ही मंथर गति से कार्य कराया जा रहा था। करीब २० से २५ दिन से आवगमन बाधित था। इस संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी के तत्परता से तीन दिन के अंदर आवगमन को सामान्य कराया गया। जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली।
गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चिनिया जलाशय नहर निर्माण का कार्य २ करोड़ १४ लाख रुपए लागत से कराया जा रहा है। यह कार्य अत्यंत मंथर गति से कराया जा रहा है। स्थिति यह है कि जो कार्य ९ महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था वह ३६ महीने के बाद भी मंथर गति से ही चल रहा है। ठेकेदार के द्वारा लापरवाही पूर्वक बरसात के समय में नहर निर्माण के लिए महावीरगंज से चिनिया मुख्य डामरीकृत मार्ग को खोद दिया गया था। जिससे करीब २० से २५ दिन से आवगमन बाधित हो गया था। यहां तक की पैदल चलना भी इस मार्ग से मुश्किल था। बसे बंद हो गई थी बाइक जाना बंद हो गई थी इस बीच इस संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद विभाग के कार्य पर अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी की तत्परता से तीन दिनों के अंदर बाधित आवागमन को सामान्य किया गया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि विज्ञान केंद्र सरगुजा के वैज्ञानिकों ने की सौजन्य मुलाकात

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. गिरीश चंदेल के निदेर्शानुसार निदेशक, अटारी डॉ. एस. आर. के. सिंह एवं निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ एस.एस. टुटेजा के मार्गदर्शन में आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कृषि विज्ञान केंद्र सरगुजा के वैज्ञानिकों द्वारा अंबिकापुर में सौजन्य मुलाकात किया गया। उक्त मुलाकात के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र सरगुजा द्वारा जिले के कृषकों के लाभ हेतु चलाए जा रहे गतिविधियों से अवगत कराया, उन्हें बताया गया कि केन्द्र की विभिन्न योजनाओं जैसे समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फसलों हेतु विकसित नवीन किस्मों को




कृषक प्रक्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीक से लगा कर लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही आर्या प्रोजेक्ट से क्षेत्र के युवाओं को जोड़ कर कृषि सम्बन्धित व्यवसाय करने की ओर आकर्षित करने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री चौहान द्वारा भी कृषि के क्षेत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा कर और बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया । उक्त मुलाकात के दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेश चौकसे, वैज्ञानिक श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 60 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को ६० लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें तहसील अम्बिकापुर के माझापारा निवासी विनोद बड़ा की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर उनके वारिस किसुन राम बड़ा, तहसील अम्बिकापुर के बकिरमा निवासी राम प्रसाद की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सस्ति, तहसील अम्बिकापुर के करम्हा निवासी विजेश्वर की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सुखराम, तहसील दरिमा के टपरकेला निवासी नन्दू राम की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस संजू राम, शत्रुधन, रकेश्वरी, तहसील दरिमा के कर्रा निवासी सुरेश राम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर उनके वारिस घासी राम, तहसील दरिमा के बरटिकरा निवासी सुमित सिंह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस शांति बाई, तहसील दरिमा के पम्पापुर निवासी शोभनाथ की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस दुर्गा बाई, तहसील उदयपुर के पेण्डरखी निवासी बालकेश्वर की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सुखनंदन, तहसील लुण्ड्रा के खूरनडीह निवासी मनुराम यादव की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस फुलेश्वरी यादव, तहसील बतौली के तेलईधार निवासी मसत राम की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस कमला पैकरा, तहसील बतौली के सरमना निवासी दीपक राम की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस नईहर साय, तहसील बतौली के टिरंग निवासी कल्पनाथ की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस रैतलो यादव, तहसील बतौली के टेडगा निवासी रूपन राम की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस कृष्ण नाथ राम, तहसील बतौली के सल्याडीह निवासी शत्रुधन विश्वकर्मा की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस प्यारी बाई एवं तहसील मैनपाट के पिड़िया निवासी बिफना कोरवा की मृत्यु सांप के काटने से होने पर उनके वारिस एतवारी बाई को ४-४ लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड ६-४ संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई है।

# वषार्काल में सुरक्षित व निर्बाध ट्रेन संचालन के लिए बरती जा रही है विशेष सावधानी

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
रेल प्रबंधन द्वारा मानसून काल में सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध रूप से व्यवधान-मुक्त रेल सेवा प्रदान करने हेतु पेट्रोलिंग के साथ विशेष निगरानी एवं सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। मानसून के दौरान सभी सेक्शनों के कटिंग के अंदर वाली रेलवे ट्रैक वाले स्थानों पर साइड ड्रेन एवं कैच वाटर ड्रेन की विशेष सफाई के साथ ही नियमित सफाई कराई जा रही है जिससे पानी सुरक्षित ट्रैक से बाहर निकल जाए 7



पूरे मंडल में पूर्व घटनाओं के आधार पर असुरक्षित स्थानों की पहचान कर १५ स्थानों पर स्टेशनरी पेट्रोलिंग एवं २९ स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग द्वारा २४ घंटे ट्रैक की निगरानी की जा रही है 7 किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु चिन्हांकित स्टेशनों पर मानसून रिजर्व भारी मात्रा में रेल वैगन पर लोड करके रखा गया है जिससे कि असामान्य स्थिति में ट्रैक को सामान्य यातायात के लिए दुरुस्त किया जा सके 7
मंडल के १८ चिन्हित रेलवे अंडरपास में जल भराव की निगरानी हेतु कर्मचारी तैनात किये गए हैं जिनके द्वारा २४ घंटे नियमित रूप से पानी के लेवल की निगरानी की जा रही है ।जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही पंपिंग सेट आदि उपकरणों की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत जल निकासी की जा सके। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीसों घंटे मोबाइल/स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं । तूफान के दौरान ट्रैक पर गिरने वाले पेड़ों को हटाने,छंटाई,काटने का कार्य भी किया गया है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में स्टेशन यार्ड में क्रॉस और अनुदैर्ध्य नालियों की व्यवस्था की गई है। ट्रैक सर्किट वाले क्षेत्रों में काम करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में कर्मचारियों को परामर्श भी दिया गया है। इसके अलावा मंडल के सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा मानसून पूर्व सावधानी अभियान चलाया गया है, जिसके तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरणों, सिग्नल प्रणाली आदि का सघन निरीक्षण एवं जांचकर आवश्यकतानुसार उनका अनुरक्षण किया गया है, जिससे बारिश के दौरान भी रेल परिचालन निर्बाध और सुचारू रूप से चलता रहे ।

# सहायक ग्रेड-03, सहायक ग्रेड-02 एवं लेखापाल पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया शुरू

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सरगुजा संभाग के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत सहायक ग्रेड-०३, सहायक ग्रेड-०२ एवं लेखापाल संवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। दिनांक ०१ अप्रैल २०२५ की स्थिति के आधार पर तैयार अंतिम वरिष्ठता सूची, अनंतिम चयन सूची तथा अनंतिम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।
यह प्रक्रिया स्थानीय कार्यालय अम्बिकापुर द्वारा ०२ जुलाई २०२५ को भर्ती नियमों के तहत प्रारंभ की गई थी। इसके तहत ०३ जुलाई २०२५ को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लेकर संबंधित सूचियों का अनुमोदन किया गया।
प्रकाशित सूचियों में यदि किसी कर्मचारी का नाम छूट गया हो या कोई प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण हो, तो संबंधित कर्मचारी ०७ दिवस की समयावधि के भीतर यानी १० जुलाई २०२५ तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेजों सहित दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।
प्रत्येक जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त अभ्यावेदनों का सत्यापन सेवा अभिलेखों के आधार पर कर सुधार प्रस्ताव तैयार कर समयसीमा के अगले कार्यदिवस में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय को भिजवाएं। यदि निर्धारित समय में कोई दावा-आपत्ति या संशोधन प्रस्ताव प्राप्त नहीं होता है, तो प्रकाशित अनंतिम सूची को ही अंतिम मानकर अंतिम चयन सूची जारी कर दी जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन कर्मचारियों का नाम सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें भी सूची की प्रति तत्काल उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे आवश्यक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकें।प्रकाशित सूचियों को वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है, जहां से सूची का अवलोकन व डाउनलोड किया जा सकता है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सूची में दर्ज कर्मचारियों को प्रति उपलब्ध कराते हुए उसकी पावती अभिस्वीकृति इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें।

# स्वास्थ्य सेवाएं रहें अलर्ट मोड पर:- कलेक्टर कटारा

## दवाईओं एवं जांच कीट की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश

बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।
कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जन शिकायत, जनदर्शन, खाद-बीज की उपलब्धता, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
कलेक्टर श्री कटारा ने खाद-बीज उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले के किसानों को खेती के लिए समय पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराई जाए ताकि खरीफ फसल में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि डीएपी के विकल्प में एनपीके और एसएसपी जैसे उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक व उपयुक्त मार्गदर्शन करें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बिना लाइसेंस खाद-बीज विक्रेताओं पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर मॉनिटरिंग कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।



कलेक्टर श्री कटारा ने मौसम के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के सीजन में डेंगू, मलेरिया, सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त जैसे अन्य मौसमी बीमारियों की आशंका बनी रहती है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयां, जांच कीट एवं चिकित्सकीय टीम की उपलब्धता हो। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण एवं पीवीटीजी क्षेत्रों में निगरानी रखते हुए मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश दिए।
कलेक्टर ने सर्पदंश के मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम दवाईओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जाए ताकि सर्पदंश की घटना होने पर समय पर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया जा सके। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जाए।
प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चल रहे आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कटारा ने शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ मिल सके। उन्होंने विकासखण्डवार आवास प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर मॉनिटरिंग कर आवास निर्माण कार्य में तेजी लाएं। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन और रोजगार की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में पेयजल, ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित गतिविधि, राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए।
बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर श्री आर. एस. लाल, सर्व अनुविभागीय अधिकारी, सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जैन समाज का अमृत वर्षा योग का आयोजन 9 जुलाई से

**जगदलपुर** । दिगंबर जैन समाज मुनिश्री 108 आगमसागर महाराज, मुनिश्री 108 पुनीत सागर महाराज, ऐलक 105 धैर्यसागर महाराज सहित 105 स्वागत सागर महाराज के सानिध्य में अमृत वर्षा योग मनाने जा रहा है। जैन समाज से मिली जानकारी के मुताबिक अमृत वर्षा योग की स्थापना 9 जुलाई बुधवार की प्रातः 8 बजे से होगी। 10 जुलाई 2025 दोपहर 1 बजे से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा, 11 जुलाई 2025 प्रातः 8 बजे से वीर शासन प्रवर्तन महामहोत्सव और 12 जुलाई 2025 दोपहर 1 बजे से श्रद्धा-भक्ति-समर्पण कलश स्थापना होगी। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन और सचिव संजय जैन ने बताया कि इस आयोजन के लिए जैन समाज की महिलाएं, युवा और किशोरियां तैयारियों में जुट गई हैं। अमृत वर्षा योग से जुड़े सारे आयोजन महावीर भवन में संपन्न होंगे।

नदी में उफान...पांच बच्चों ने दूसरे गांव में बिताई रात पेज 09



# अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री के दो आरोपी गिरफ्तार, रेलवे सुरक्षा बल अंबिकापुर की सूचना पर हुई कार्रवाई

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री के मामले मे दो आरोपी को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ५८. ३२० लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल अंबिकापुर की सूचना पर थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्रवाई की गई।



मामले में पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक ८ जुलाई कों थाना गांधीनगर पुलिस टीम कों रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट अंबिकापुर के द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब मय दो आरोपियों को पकड़ने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट अम्बिकापुर पहुंचने पर पोस्ट प्रभारी के द्वारा बताया गया कि ८ जुलाई को ०८:३५ बजे रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अम्बिकापुर में चेकिंग के दौरान ०२ व्यक्तियो को ०१ नग ट्राली बैंग तथा ०३ नग कपडे के थैलो में ३०० नग गोवा, २४ नग मैकडावल विस्की अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान दोनो व्यक्तियों द्वारा अपना नाम क्रमश वीर गुप्ता आत्मज शिवनारायण गुप्ता उम्र २५ वर्ष, निवासी महुआपारा फूंदुलडिहारी थाना गांधीनगर , बादल कुजूर आत्मज राजेन्द्र कुजूर उम्र २६ वर्ष निवासी आरागाही थाना रामानुजगंज जिला बलरामपुर हाल मुकाम चांदनी ब्यूटी पार्लर के पास थाना गांधीनगर का होना बताये।आरोपियों से जप्त माल ३०० नग गोवा, प्रत्येक बाटल में १८० एमएल एवं २४ नग मैकडावल विस्की प्रत्येके बाटल में १८० एमएल कुल शराब की मात्रा ५८.३२० लीटर अवैध शराब कुल कीमती लगभग ४३२२४/-रुपये व ०१ नग रेल यात्रा टिकट ०२ नग मोबाईल जप्त कर उक्त आरोपीयों के खिलाफ कार्यवाही हेतु पेश किये जिसके अवलोकन पर आरोपियो के द्वारा अवैध शराब रखना एवं उसके सबंध में कोई वैध दस्तावेज नही होना पाया गया। मौका पर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपियो का कृत्य धारा ३४(२) आबकारी एक्ट का होना पाये जाने से थाना गांधीनगर मे धारा ३४(२) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों कों प्रकरण मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, आरोपियों से उक्त शराब के सम्बन्ध मे अग्रिम पूछताछ की जा रही है, मामले मे विवेचना जारी है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक विपिन तिवारी, आरक्षक घनश्याम देवांगन, सुरेश तिवारी सक्रिय रहे।

# राजनांदगांव जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में किसानों के लिए खाद-बीज की सतत आपूर्ति की जा रही है। जिले में खेती-किसानी का कार्य से जारी है। किसान सहकारी समितियों में खाद-बीज लेने के लिए प्रतिदिन आ रहे है। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण है। कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। सभी समितियों में खाद-बीज की निरंतर आपूर्ति होते रहे इसके लिए सभी अधिकारियों को समन्वय बनाने के निर्देश दिए है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री प्रभात मिश्रा ने बताया कि जिले में खरीफ 2025 अंतर्गत 31070.7 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया है, जो कुल भंडारण का 61.86 प्रतिशत है। अब तक किसानों को 26836.9 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 9050.3 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 4466 मीट्रिक टन, डीएपी 2516.5 मीट्रिक टन, एनपीके 8445.3 पोटाश 2358.9 मीट्रिक टन है। किसानों को 4233.8 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जाना शेष है। जिसमें यूरिया 359.1 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 1650.7 मीट्रिक टन, डीएपी 404.9 मीट्रिक टन, एनपीके 806.6 मीट्रिक टन, पोटाश 1012.5 मीट्रिक टन है। इसी तरह जिले में 10648.70 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है और किसानों को 9681.60 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है एवं 967.10 क्विंटल बीज का वितरण शेष है। इसके तहत जिले में 10625.10 क्विंटल धान का भंडारण किया गया है और किसानों को 9668.88 क्विंटल धान का वितरण किया गया है


तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurology)
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएं
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द

डॉ. बी. मिंज
MBBS, MD, FIPM
• सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
• कमर दर्द, गर्दन, पीठ का दर्द एवं हाथ का दर्द
• जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द

डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD, Medicne (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanasi
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
+ गैस, उल्टी की समस्या, भूख न लगना, पेट दर्द
+ पीलिया, पित्त की समस्या, क्रोनिक पेनक्रियटाइटिस
+ सीने में जलन, खाना एवं पानी का अटकना

सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites

डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड अम्बिकापुर

डॉ.महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB (Haderbad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
• ब्रेन ट्यूमर, नींद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या
• स्पॉन्डिलाइसिस, स्पाइन की समस्या
• हाथ, पीठ, तालु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना

13 जुलाई 2025 माह के दुसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध


# मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट पिलखा क्षीर के बंद होने से दुग्ध उत्पादकों के समक्ष संकट

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
एनएच ४३ के बाजू ग्राम पंचायत सिलफिली स्थित पिलखा क्षीर बीते लगभग डेढ़ वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। एक समय क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए रोजगार व आर्थिक आत्मनिर्भरता का जरिया बने इस संयंत्र के आज बंद होने से आमजन सहित दुग्ध उत्पादक पशु पलकों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस परिस्थिति ने न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को हिला दिया है बल्कि किसानों, कर्मचारियों और आपूर्तिकताओं को लाखों रुपए के बकाया भुगतान की मार झेलनी पड़ रही है। गौरतलब है कि पिलखा क्षीर के ज्वलंत मुद्दे को लेकर आज युवा कांग्रेस के भटगांव विधानसभा अध्यक्ष विक्की समद्दार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पिलखा क्षीर संयंत्र की स्थिति का उल्लेख करते हुए संयंत्र से जुड़े लगभग ८२ लाख रुपए के बकाया भुगतान तत्काल कराए जाने की मांग की गई है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पिलखा क्षीर संयंत्र बंद होने से दुग्ध विक्रेताओं को २५ लाख रुपए, बिजली सप्लाई कंपनी का करीब ४५ लाख रुपए, डीजल आपूर्ति करने वाले पेट्रोल पंपों का करीब ९ लाख रुपए और संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों का लगभग ३ लाख रुपए से अधिक वेतन लंबित है। विक्की समद्दार ने बताया कि यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक असंतुलन की भी जनक बन चुकी है। किसान कर्ज में डूब रहे हैं, स्थानीय युवाओं का रोजगार छिन गया है, और क्षेत्र में तनाव जैसी स्थिति बन रही है। प्रशासन यदि जल्द कदम नहीं उठाता, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन की उदासीनता ने इस संयंत्र को पुनः शुरू करने की संभावनाओं को लगातार टालते हुए, ग्रामीणों को संकट में धकेल दिया है। संयंत्र कभी दुग्ध उत्पादन और आपूर्ति के लिए आदर्श मॉडल माना जाता था, लेकिन अब यह उपेक्षा और सरकारी असंवेदनशीलता का प्रतीक बन गया है। ज्ञापन में मांग किया गया कि सभी लंबित भुगतान तत्काल कराए जाएं, संयंत्र को पुनः चालू करने हेतु उच्च स्तरीय समीक्षा व कार्ययोजना बनाई जाए, किसानों और कर्मचारियों को राहत देने के लिए विशेष वित्तीय सहायता या अनुदान पैकेज की व्यवस्था की जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि प्रशासन इस दिशा में संवेदनशीलता दिखाती है, तो यह क्षेत्र दोबारा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकता है और सैकड़ों परिवारों को सम्मानजनक जीवन यापन का अवसर मिलेगा।

# उफनती नदी में नहाने की जिद में गई एक की जान

**प्रतापपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
उफनती नदी में नहाने की जिद करने वाले युवक के तेज पानी के बहाव ने एक व्यक्ति की जान ले ली। ज्ञात हॉकी क्षेत्र में बारिश के वजह से जहां नदिया उफान पर हैं। वही घर वाले के लाख समझाने के बाद भी नदी में नहाने की जिद पर अड़े युवा की नदी के बाहों में वह जाने के कारण मौत हो गई।



परिजनों ने बताया कि घटना एक दिन पूर्व की है। नदी में नहाने का जिद करते हुए लाख समझाने के बाद भी नहीं माना और नदी में नहाने गया जो देर शाम तक नहीं लौट के कारण घर वालों को शक हुआ की नदी किनारे युवक का कपड़ा मिला और युवक नहीं मिला तो परिजनों ने ग्रामीणों की सहायता से नदी के दूर-दूर तक खोजना प्रारंभ किया मगर कहीं भी पता नहीं चला ग्रामीणों ने क्याश लगाया कि नदी के तेज बहाव ने उक्त लड़के को अदृश्य कर दिया ।मगर लंबे दूरी से बहकर आए हुए उक्त युवक को एनिकट के बांध के तेज बहाव में फंसे हुए लाश को देखा गया जहां ग्रामीणों में सनसनी मच गई दूर से भाकर आया हुआ यह सौ किसका है क्षेत्र में हड़कंप पर सनसनी मच गई देखने वाले बांध के ऊपर से उक्त १०० को फंसे हुए देख सकते थे। जो पानी के बाहों में बांध के मुंह में झाड़ियां के सहारे फंसा हुआ था। जो गांव-गांव तक चर्चा का विषय बन गया।

इस बात से क्षेत्र में सनसनी मच गई, प्रतापपुर थाना से कुछ दूरी पर की यह घटना है। सोशल मीडिया में यहां खबर फैलते ही यह जानकारी प्राप्त हुआ कि १०० की पहचान श्याम मरावी उम्र २२ वर्ष गुड़गांव थाना प्रतापपुर के रूप में हुई है मृतक के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि एक दिन पूर्व नदी में नहाने यह युवक गया हुआ था इससे पहले भी नदी में नहाने के दौरान यह युवक कई बार डूबने से बचा था। आसपास के लोगों ने उक्त युवक को बचा लिया था मगर इस बार किस्मत में साथ नहीं दिया तथा तेज जलधारा में यह युवक बह गया ।करीब ३से ४ किलोमीटरतक पानी के तेज बहाव मैं यहां बह गया अगर अनिकट बांध में यह युवक नहीं पड़ता तो आज तक इसका १०० का भी पता नहीं चलता।


◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

“M.S., E.N.T.”
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई | ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन | ई.ई.जी, ई.सी.जी.
सोनोग्राफी | टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. | प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY
(स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के
विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे
शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य ) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वस्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us
+91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार
पता : माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 0774-222999, 8224007799, 98261

**अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री के दो आरोपी गिरफ्तार, रेलवे सुरक्षा बल अंबिकापुर की सूचना पर हुई कार्रवाई...पेज 11**




# कृषि विभाग द्वारा नवीन च्कृषि उन्नति योजनाच के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश जारी




## १० हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि की जायेगी प्रदान

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कृषि उन्नति योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मंत्रालय महानदी स्थित कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कृषि उन्नति योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के सभी कलेक्टरों, संभाग आयुक्तों, प्रबंध संचालकों एवं पंजीयक सहाकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र लिखकर कृषि उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश किए गए हैं। नवीन दिशा-निर्देशों के आधार पर योजना का क्रियान्वयन खरीफ २०२५ से किया जाएगा। जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, फलस्वरुप कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते।

राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिये कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन, तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल हेतु पंजीयन कराया गया हो।पत्र में कहा गया कि विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट/मण्डल/प्राईवेट लिमि. समिति/केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान/महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी। जो कृषक प्रमाणित धान बीज उत्पादन कार्यक्रम लेते हैं और सामान्य धान भी सहकारी समितियों में विक्रय करते हैं, उनके द्वारा कुल विक्रय की जाने वाली धान की मात्रा, उनके कुल धारित रकबे की सीमा से अधिक नहीं होना चाहिये, इसे छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा आपसी समन्वय से सुनिश्चित किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधानों के अध्याधीन किया जाएगा।पत्र में कहा गया कि कृषकों को भुगतान योजनांतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से की जाएगी। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति/छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि, (बीज निगम) को धान/धान बीज का विक्रय करने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि का निर्धारण गिरदावरी में सत्यापित रकबे, उपरोक्त संस्थाओं को विक्रय धान/धान बीज की मात्रा तथा भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित किए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर प्रतिवर्ष पृथक से किया जाएगा।

खरीफ २०२५ में प्रदेश के किसानों से उपार्जित धान की मात्रा पर, धान (कॉमन) पर राशि रू. ७३१ प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रुपए. १५३५१ प्रति एकड़ तथा धान (ग्रेड-ए) पर राशि रुपए. ७११ प्रति क्विं. की दर से अधिकतम राशि रुपए. १४९३१ प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाया हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें, धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत, मान्य रकबे पर ११००० रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा। खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास लेने वाले कृषकों को एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि रुपए १०००० प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।पंजीकृत कृषकों द्वारा खरीफ मौसम में सहकारी समितियों में विक्रय किये गये धान पर निर्धारित आदान सहायता राशि का कृषकों को वितरण छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. द्वारा किया जाएगा तथा आदान सहायता राशि के व्यय से संबंधित विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण का दायित्व भी प्रबंध संचालक छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. का होगा।बीज उत्पादक कृषकों द्वारा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमिटेड को विक्रय किये गये धान बीज पर निर्धारित आदान सहायता राशि की कृषकवार मांग का विवरण बीज निगम द्वारा संचालक कृषि को प्रेषित किया जाएगा। संचालक कृषि द्वारा मांग अनुसार राशि छत्तीसगढ़ निगम लिमिटेड को उपलब्ध कराई जाएगी। बीज उत्पादक कृषकों से उपार्जित धान बीज पर प्रदायित आदान सहायता राशि के विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण का दायित्व प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि. होगा। फसलों हेतु गिरदावरी/सत्यापन के आधार पर पात्रतानुसार आदान सहायता राशि का वितरण संचालक कृषि के द्वारा किया जाएगा तथा आदान सहायता राशि के व्यय से संबंधित विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण का दायित्व संचालक कृषि का होगा। प्रबंध संचालक छत्तीसगढ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. तथा प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि. यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर संचालक कृषि को प्रेषित किया जाए। कृषकों को पात्रता अनुसार आदान सहायता राशि का एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित करने की जवाबदारी खाद्य विभाग एवं संचालक कृषि की होगी, उनके द्वारा नियमित रुप से योजना क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा कृषि व अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही जिले के किसानों से एकीकृत पोर्टल मे पंजीयन कराकर कृषक उन्नति योजना से जुड़ने की अपील की गई।

# किसानों को समितियों के माध्यम से दिए जा रहे शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, बीज एवं उर्वरक

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निदेर्शानुसार कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा कृषकों को आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों से बीज एवं खाद उठाव हेतु सलाह एवं समितियों में जाकर उठाव कार्य किया जा रहा है साथ ही बीज व खाद की आपूर्ति हेतु निगरानी की जा रही है। जिले के किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। मैदानी अमलों द्वारा कृषकों को १० वर्ष के अन्दर की बीजों की किस्मों का उपयोग करने की सलाह दिया जा रहा है एवं धान की नवीन किस्म विक्रम टीसीआर को लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।वर्तमान में डीएपी की कमी होने के कारण डीएपी की जगह सुपर फास्फेट और एनपीके इस्तेमाल करने की सलाह कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा उर्वरक के संतुलित उपयोग की जानकारी बैनर एवं पम्पलेट के माध्यम से दिया जा रहा है। जिले के सहकारी समितियों में उर्वरक का कुल भण्डारण १५९२५ मि.टन किया गया था जिसमें से वितरण-१३१८९ मि.टन किया जा चूका है। वर्तमान में सहकारी समितियों उर्वरक-२७३६ मि.टन उपलब्ध है जिसमें यूरिया- १२६१ मि.टन, डी.ए.पी.- ९८ मि.टन, एन. पी.के. १२:३२:१६- ७५ मि.टन, एस.एस.पी.-७९९ मि.टन, एम.ओ.पी. -४१८ मि.टन, २०:२०:०:१३-८५ मि.टन है। आगामी २-३ दिवसों में जिले को एनपीके २०:२०:०:१३-११०० मि.टन, डी.ए.पी.-५५० मि.टन, यूरिया-६०० मि.टन खाद प्राप्त होना है। छ०ग० शासन द्वारा निरंतर खाद की आपूर्ति की जा रही है ताकि कृषकों को कृषि कार्य में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

# छग स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के अंकिता बनी जिलाध्यक्ष





**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव की अध्यक्षता में जिले में कार्य करने हेतु संगठन का गठन किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश एवं संभाग नेतृत्व ने शिरकत की।जिसमे अंकिता झा, व्याख्याता–कॉमर्स (सेजेस, जयनगर) को जिला अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से चुना गया।अंकित कुमार तिवारी, व्याख्याता–संस्कृत (सेजेस, प्रतापपुर) को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।दोनों पदाधिकारियों का चयन स्थानीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भागीदारी से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकझ्कर्मचारी उपस्थित रहे।नवनिर्वाचित अध्यक्षझ्उपाध्यक्ष ने आगामी समय में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के हितों की रक्षा, वेतन विसंगतियों का निराकरण, संविदा सेवाओं को स्थिरता प्रदान करने, और योग्यता तथा अनुभव पर आधारित पदोन्नति के लिए समर्पित कार्यक्रम चलाने का आश्वासन दिया।वेतन विसंगति एवं नियमितीकरण की गहन समीक्षा, संविदा और नियमित कर्मचारियों के बीच समान अवसरों पर जोर, निरंतर व्यावसायिक विकास के मार्ग प्रशस्त करने हेतु कार्यशालाएं स्थानीय एवं राज्य स्तर पर शिक्षाजगत से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय संवाद करने को कहा गया है। संघ ने भरोसा जताया है कि इस नए नेतृत्व से सूरजपुर में शिक्षा क्षेत्र की दिशा और दशा में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# नगर पालिका में राजेश साहू बने नेता प्रतिपक्ष

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** नगर पालिका परिषद सूरजपुर में



भाजपा ने राजेश साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस पद को लेकर पार्टी में महीनों से चर्चा चल रही थी। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की राजेश साहू को यह जिम्मेदारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल की अनुशंसा पर दी गई है श्री साहू भाजपा के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो ४ बार के पार्षद रह चुके हैं। नगर पालिका के काम-काज का उन्हें अनुभव है और संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राजेश साहू ने भाजपा आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे नगर की जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही, विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत से निभाएंगे और जनता की आवाज बनकर नगर पालिका में काम करेंगे।

# अधिकारी ई-ऑफिस का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित..... जयवर्धन

## ०० जल निकासी की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के दिये निर्देश



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत हो चुकी है। सभी अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली का सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।सभी विभागीय अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही फाइल का आदान-प्रदान करें तथा कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित करें, जिससे समय पर शासकीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके यह निर्देश कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज समय-सीमा की बैठक में दिये । उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ लिपिकों को भी ई-ऑफिस प्रणाली को गंभीरता से सीखने एवं ई-ऑफिस प्रणाली में दक्षता लाने हेतु निर्देशित करें, ताकि जिले में सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संचालित किए जा सके। बैठक में कलेक्टर ने पीएमओ शिकायत पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, लोक सेवा गांरटी से प्राप्त आवेदन की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बारिश को ध्यान में रखते हुए, जल भराव की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जल भराव की स्तिथि वाले स्थानों को चिन्हित कर उन स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को उचित एवं स्थायी प्रबंध सुनिश्चित करने की बात कही।इसके साथ ही उन्होंने नालियों में फॉगिंग व एंटी लार्वा दवाईयों का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने जल संसाधन के कार्यपालन अभियंता को बांधों के नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए, जहां पानी का स्तर अधिक है वहां संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित निगरानी रखने की बात कही ।बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा पंचायत विकास सूचकांक संस्करण-पीएआई २.० के सम्बंध में जानकारी दी गई। उन्होंने इस संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि पीएआई को स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े नौ विषयों के आधार पर ग्राम पंचायतों की प्रगति का आकलन और निगरानी करने के लिए लिए विकसित किया गया है। इन विषयों में गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल पर्याप्तता, स्वच्छ पर्यावरण, बुनियादी ढांचा, शासन, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।पीएआई २.० (पंचायत विकास सूचकांक २.०) के संबंध में जानकारी देते हुए, विभाग से सम्बंधित इंडिकेटर की जानकारी जनपद स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया । ३१ जुलाई तक समस्त ४८० ग्राम पंचायत का शत प्रतिशत डेटा पीएआई पोर्टल में अपलोड कराया जाना है । समस्त सीईओ जनपद पंचायत को ग्राम पंचायत सचिवों को सूचकांक के डेटा संग्रहण व एंट्री का कार्य निर्धारित समय में करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# गुरु पूर्णिमा पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर विशेष पूजा अर्चना



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** रेणुका नदी के तट पर बसे शहर के समीप ग्राम पचिरा में स्थित अति प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला, जहां हजारों भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर गुरु पूर्णिमा की महत्ता को आत्मसात किया। मंदिर के महंत श्री बिहारी दास जी ने बताया कि परंपरागत रूप से इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने अवश्य पधारे। भंडारा मंदिर से जुड़े भक्तों के सहयोग से आयोजित किया जाता है, जिसमें सूरजपुर के प्रमुख समाजसेवी प्रवेश गोयल, नारायण बसंल, राम कृष्ण ओझा, ओंकार पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सतीश दुबे, रामाधीन गुप्ता और सौरभ तिवारी (श्री कान्हा डेयरी) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही ग्राम कुरूंवा के श्याम नारायण दुबे और मंदिर समिति के सुदर्शन राजवाड़े, श्यामजीत राजवाड़े व बसंत राजवाड़े ने भी इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।


# पचमढ़ी के बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर्स में शामिल हुई डीईओ



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी के पत्रानुसार बेसिक कोर्स फॉर कमिशनर्स (कॉमन फॉर बोथ विंग्स) राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी (म. प्र.) में आयोजित था। जिसमें भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निदेर्शानुसार व राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से अकेले प्रतिभागी के रूप में सूरजपुर जिला से जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर भारती वर्मा शामिल हुई।प्रशिक्षित हुई जिससे जिले के स्काउटिंग गतिविधियों में वृद्धि होगी। इनके इस कोर्स को पूर्ण करने से जिले के स्काउट पदाधिकारियों में हर्ष है।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के लिए तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत।श्रीमती कमलेश नंदनी साहू के निर्देशन में आज जिला पंचायत के सभागार में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में पंचायतों को ₹जनता के सशक्तिकरण का वास्तविक माध्यम₹ बताते हुए कहा कि ₹ग्राम स्तर पर सुशासन की बुनियाद पंचायतें ही हैं। सक्षम पंचायतें ही समृद्ध गांवों का निर्माण कर सकती हैं।₹यह प्रशिक्षण १० जुलाई २०२५ तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को पंचायत राज व्यवस्था की गहन समझ, योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट निर्माण, स्थानीय विकास एवं तकनीकी पोर्टलों के उपयोग संबंधी जानकारी प्रदान करना है।प्रथम दिवस के कार्यक्रम में निरोज सिंह, संकाय सदस्य के द्वारा पंचायती राज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं संवैधानिक आधार को स्पष्ट किया गया, जिसमें ७३वां संविधान संशोधन, पंचायत राज अधिनियम



१९९३ तथा अनुसूचित क्षेत्रों में क्कश्वक्र अधिनियम की भूमिका पर चर्चा की गई। जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों की त्रिस्तरीय संरचना, ग्राम सभा की भूमिका, पंचायत बैठकों की प्रक्रिया तथा स्थायी समितियों की कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त पंचायतों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत ९ प्रमुख विषयों पर आधारित सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पंचायतों के माध्यम से लक्ष्यों की प्राप्ति की रणनीतियों पर विमर्श किया गया। इस दौरान केस स्टडी और समूह चर्चा जैसी सहभागी गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को और अधिक व्यवहारिक बनाया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में पंचायत विकास योजना की रूपरेखा, निर्माण प्रक्रिया, स्थानीयकरण की विधियाँ, तथा जल संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित ग्राम विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आजीविका मिशन एवं अन्य प्रमुख योजनाओं पर विशेष सत्र रखा गया है।

पंचायत बजट लेखन, लेखांकन प्रक्रिया, सामाजिक लेखा परीक्षण एवं ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, लागत निर्धारण, सामग्री मानक, निरीक्षण एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया को भी समझाया जाएगा। छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल (संचालन एवं साख्यकरण) नियम की प्रमुख धाराओं पर भी जानकारी दी जाएगी।तृतीय दिवस को पंचायत विकास संकेतक एवं मानव विकास मानकों के आधार पर पंचायतों के मूल्यांकन तंत्र की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ई-गवर्नेंस के अंतर्गत पंचायत राज पोर्टल पोर्टल, डिजिटल सेवाओं एवं ऑनलाइन डैशबोर्ड के उपयोग की कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागी इन तकनीकों का अभ्यास करेंगे। समापन दिवस पर, फीडबैक एवं प्रशिक्षण आकलन के साथ कार्यशाला का समापन किया जाएगा।